वर्ष : 34 ▸ अंक :207 ▸ पृष्ठ : 8 ▸ मुंबई, शनिवार, 4 अक्टूबर 2025 ▸ RNI: MAHHIN/49994/91 ▸ मूल्य : 3 रुपए ▸ epaper.dobajedopahar.com ▸ संपादक : अरुण लाल ▸ संरक्षक : एन. के. पुरोहित

DBD
दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



**शराब से जुड़े प्रतिष्ठान रहेंगे बंद**

जीआर में स्पष्ट किया गया है कि वाइन शॉप, बीयर बार, डांस बार, हुक्का पार्लर, डिस्कोथेक और परमिट रूम्स को 24 घंटे संचालन की अनुमति नहीं होगी। इन पर पहले से लागू समयबद्ध नियम जारी रहेंगे। इससे पहले 2017 और 2020 में भी इन पर समयसीमा से जुड़े नोटिफिकेशन जारी किए गए थे।

# अब पूरी रात जागेगी मायानगरी

- 24 घंटे खुल सकेंगे दुकानें-मॉल और मल्टीप्लेक्स
- शराब की दुकानें और बीयर व डांस बार पर लागू नहीं होगा आदेश

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र सरकार ने राज्यभर में दुकानों, होटलों, रेस्तरां, थिएटर और मनोरंजन स्थलों को 24 घंटे खुले रखने की अनुमति दे दी है। सरकार का दावा है कि इससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और व्यवसाय को नई रफ्तार मिलेगी। हालांकि, शराब बेचने और परोसने वाले प्रतिष्ठानों को इस सूची से बाहर रखा गया है। सरकार द्वारा जारी सरकारी आदेश (जीआर) के अनुसार, रेस्तरां , भोजनालय, थिएटर, पब्लिक एंटरटेनमेंट सेंटर और होटल अब दिन-रात खुले रह सकेंगे। नियम के तहत, प्रत्येक कर्मचारी को सप्ताह में 24 घंटे का विश्राम देना अनिवार्य होगा। हालांकि, ऐसे प्रतिष्ठानों पर यह छूट नहीं मिलेगी जहां शराब की बिक्री या आपूर्ति होती है।



## कभी भाजपा नेताओं ने किया था इस फैसले का विरोध

बता दें कि 2020 में शिवसेना ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। तब सरकार के इस फैसले का भाजपा और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना ने विरोध किया था। भाजपा नेता आशीष शेलार ने कहा था कि इस प्रोजेक्ट की आड़ में बार रात भर खोले जाएंगे। इससे महिलाओं की सुरक्षा खतरे में रहेगी। मनसे के संदीप देशपांडे ने तंज कसते हुए मराठी में ट्वीट किया था कि 'चलो अब मुंबई में भी 'रात का खेल' खेलते हैं।' भाजपा नेता राज पुरोहित ने कहा था कि इससे रेप केस और महिला अत्याचार के मामले बढ़ेंगे।

## आदित्य ठाकरे का भाजपा पर हमला



शिवसेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे ने इस फैसले पर सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि मुंबई 24/7 की नीति पहले से लागू थी और तब भाजपा ने इसका विरोध किया था। ठाकरे ने सवाल उठाया कि भाजपा अब उसी नीति को लागू कर रही है, जिस पर पहले संस्कृति और सुरक्षा के नाम पर हंगामा किया गया था।

## 2013 में उठा था नाइटलाइफ का मुद्दा

मुंबई में करीब सात साल पहले नाइटलाइफ के बारे में प्रयास शुरू गिए गए थे। लोगों व कुछ नेताओं की मांग पर वर्ष 2013 में ही मुंबई महानगरपालिका (BMC) ने इस प्रस्ताव को पारित कर दिया था। इसके बाद साल 2015 में मुंबई पुलिस ने भी इसकी मंजूरी जारी कर दी थी। उसके बाद से गृह विभाग की अनुमति का इंतजार था। 2021 इसकी अधिसूचना जारी हुई थी, लेकिन फडणवीस सरकार ने इसे लागू नही किया था।

# अवैध होर्डिंग के खिलाफ हाई कोर्ट सख्त

- सख्त कार्रवाई करने का आदेश
- राज्य के मनपा और नपा के सभी वार्डों में नोडल अधिकारी होंगे नियुक्त
- उपायुक्त स्तर के अधिकारी वार्ड के नोडल आफिस की कार्रवाई करेंगे निगरानी



**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने राज्य भर की महानगरपालिकाओं, नगर पालिकाओं और नगर परिषदों को अवैध होर्डिंग्स के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आदेश दिया है। अदालत ने अपने पहले दिए गए आदेशों का पूरी तरह पालन सुनिश्चित करने पर जोर दिया है। इस मामले की अगली सुनवाई 15 अक्टूबर को रखी गई है। सुनवाई के दौरान राज्य के महाधिवक्ता डॉ. बीरेंद्र सराफ ने अदालत के समक्ष सुझावों का एक संकलन प्रस्तुत किया।

इसमें राजनीतिक दलों को चार सप्ताह के भीतर हलफनामा दाखिल करने का निर्देश शामिल है, जिसमें उन्हें यह घोषणा करनी होगी कि वे बिना अनुमति कोई बैनर या होर्डिंग नहीं लगाएंगे।

## नोडल अधिकारियों की नियुक्ति

महाधिवक्ता ने बताया कि प्रत्येक वार्ड में नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाएंगे। वार्ड ऑफिसर नोडल अधिकारी होंगे और उनकी कार्रवाई की निगरानी उपायुक्त स्तर के अधिकारी करेंगे। नोडल अधिकारी को पुलिस को सूचना देने और विरूपण अधिनियम के तहत कार्रवाई सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी।

## लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई

पीठ ने स्पष्ट किया कि यदि नोडल अधिकारी अपनी जिम्मेदारी निभाने में असफल रहते हैं, तो उनके खिलाफ विभागीय जांच शुरू की जाएगी। अदालत ने कहा कि ऐसे मामलों में 4 से 8 सप्ताह के भीतर जांच की प्रक्रिया जरूरी होगी ताकि लापरवाही पर लगाम लगाई जा सके। अवैध होर्डिंग की रोकथाम के लिए नागरिक समितियों के गठन का भी सुझाव दिया गया। ये समितियां निगरानी, शिकायत और कार्रवाई की प्रक्रिया पर नजर रखेंगी।

## खबर संक्षेप

### गढ़चिरौली विस्फोट : चार लोगों पर आरोप तय

**गढ़चिरौली।** यहां की एक विशेष एनआईए अदालत ने शुक्रवार को 2019 में गढ़चिरौली विस्फोट के शेष चार आरोपियों के खिलाफ आरोप तय किए। इस विस्फोट में 15 पुलिसकर्मी और एक नागरिक मारे गए थे। अदालत ने मई 2024 में आठ आरोपियों में से चार के खिलाफ आरोप तय किए थे, लेकिन सत्यनारायण रानी उर्फ किरण, परसराम तुलावी, सोमसे मडावी और किसन हिदामी के खिलाफ मामला अलग कर दिया गया क्योंकि उन्होंने अपने खिलाफ मकोका लगाए जाने को चुनौती दी थी। उनकी दलीलों को स्वीकार करते हुए, बॉम्बे हाईकोर्ट ने उन्हें मकोका के अपराधों से मुक्त कर दिया। विस्फोट की जांच करने वाली एनआईए ने इस आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। शीर्ष कोर्ट ने हाईकोर्ट का आदेश रद्द कर दिया, जिससे मकोका के तहत उनके खिलाफ आरोप तय करने का रास्ता साफ हो गया।

### कामकाजी महिलाओं को सहयोग देने में बिहारी पति सबसे आगे

**नई दिल्ली।** दक्षिण भारत की तुलना में हिन्दी पट्टी, खासकर बिहार में कामकाजी महिलाओं को अपने पति से सबसे अधिक सहयोग मिलता है। कामकाजी महिलाओं को माता-पिता के साथ-साथ सास-ससुर का भी भरपूर सहयोग मिलता है। जबकि दक्षिण के राज्य तेलंगाना में कामकाजी महिलाओं को न तो पति का भरपूर सहायोग मिलता है और न माता-पिता और ससुराल वालों का। इतना ही नहीं, दक्षिण के राज्य में महिलाओं की कमाई परिवार के लोग अपने पाव रख लेते हैं, जबकि हिंदी पट्टी के राज्य में में ऐसा देखने को नहीं मिला है। इसका खुलासा, बिहार, मध्य प्रदेश और दक्षिण के राज्य तेलंगाना में कामकाजी महिलाओं की स्थिति का पता लगाने के लिए राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) और बिरला प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान संस्थान यानी बिट्स पिलानी के संयुक्त अध्ययन में हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक सर्वे के दौरान बिहार में 100 फीसदी शहरी महिलाओं ने माना कि उन्हें नौकरी में उनके पति और ससुराल वाले सहयोग करते हैं।

### ताज में आतंकियों से लड़ने वाला कमांडो बना नशे का सौदागर

**चूरू।** कभी देश की रक्षा के लिए आतंकवादियों से लोहा लेने वाला NSG कमांडो अब खुद नशे का सौदागर बन गया है. राजस्थान ATS और ANTF की संयुक्त कार्रवाई में कुख्यात ड्रग्स तस्कर और पूर्व NSG कमांडो बजरंग सिंह को चूरू के रतनगढ़ से गिरफ्तार किया गया है. एटीएस की पकड़ में आया नशे का तस्कर बरजंग सिंह कभी मुंबई हमले के दौरान ताज होटल में आतंकवादियों से लड़ने वाली एनएसजी टीम का हिस्सा रह चुका है लेकिन अब बजरंग सिंह कमांडो नशे के कारोबार का बड़ा नाम है. आतंकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) और एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए ड्रग्स तस्करी के कुख्यात सरगना और पूर्व एनएसजी कमांडो बजरंग सिंह को चूरू जिले के रतनगढ़ से गिरफ्तार कर लिया है.

डिजिटल गवर्नेंस की दिशा में एक बड़ा कदम

# अब मिलेगी ई-बॉन्ड और ई-स्टांपिंग की सुविधा

- मंत्री बावनकुले ने किया ऐलान

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र सरकार ने डिजिटल गवर्नेंस की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए ई-बॉन्ड, ई-स्टाम्पिंग, ई-हस्ताक्षर और ऑनलाइन भुगतान की सुविधा शुरू की है। राज्य के राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने शुक्रवार को इसकी घोषणा की। इस पहल के साथ महाराष्ट्र देश का 17वां राज्य बन गया है, जिसने यह सुविधा लागू की है।



## 50 हजार दस्तावेज़ होंगे डिजिटलीकृत

नई प्रणाली के तहत लगभग 50,000 दस्तावेजों के लिए ई-बॉन्ड की सुविधा उपलब्ध होगी। यह प्रणाली राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सेवा लिमिटेड (NESL) और राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (NIC) के तकनीकी सहयोग से विकसित की गई है। बावनकुले ने कहा कि इस पहल से सीमा शुल्क प्रक्रिया पूरी तरह डिजिटल और सरल हो जाएगी। इससे समय की बचत होगी, पारदर्शिता बढ़ेगी और राज्य के राजस्व में भी इज़ाफ़ा होगा।

## राहुल गांधी पर सियासी वार

डिजिटल पहल की घोषणा के साथ ही बावनकुले ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी विदेशी धरती पर भारत की छवि खराब करने का काम कर रहे हैं, लेकिन देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रगति कर रहा है। उन्होंने तंज करते हुए कहा कि अगर राहुल गांधी को भारत पसंद नहीं है, तो वे इटली जाकर अपना काम करें।

# मिलावटखोरों के खिलाफ विशेष अभियान

डीबीडी संवाददाता । मुंबई



त्योहारों के मौसम में खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने के लिए खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) द्वारा चलाए जा रहे अभियान के दौरान अब तक 26 घटिया गुणवत्ता वाले, 4 गलत पैकेजिंग वाले और 11 असुरक्षित खाद्य नमूने पाए गए हैं। यह कुल निरीक्षण रिपोर्ट का 7 प्रतिशत हिस्सा है। एफडीए द्वारा अगस्त से राज्यव्यापी अभियान सं महाराष्ट्र-संकल्प अन्न सुरक्षाŸ चलाया जा रहा है।

## 2,369 नमूने लिए गए, 1,815 रिपोर्ट लंबित

अभियान के तहत अब तक 1,594 खाद्य संयंत्रों का निरीक्षण किया गया और 2,369 खाद्य पदार्थों के नमूने जांच के लिए भेजे गए हैं, जिनमें दूध, घी, तेल, मिठाई, सूखे मेवे और चॉकलेट शामिल हैं। प्राप्त 554 रिपोर्टों में से 513 नमूने मानक मिले, जबकि 41 में खामियां पाई गईं। खाद्य मंत्री नरहरि जिरवाल ने बताया कि अभी भी 1,815 नमूनों की रिपोर्ट आना बाकी है।

# बुलडोजर एक्शन का मतलब कानून तोड़ना: सीजेआई गवई

**नई दिल्ली।** चीफ जस्टिस (CJI) बीआर गवई ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय न्याय व्यवस्था रूल ऑफ लॉ यानी (कानून के शासन) से चलती है, इसमें बुलडोजर एक्शन की जगह नहीं है। CJI मॉरीशस में आयोजित सर मॉरिस रॉल्ट मेमोरियल लेक्चर 2025 में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने हाल के फैसले में अदालत ने स्पष्ट किया था कि किसी आरोपी के खिलाफ बुलडोजर चलाना कानून की प्रक्रिया को तोड़ना है। CJI ने कहा कि सरकार एक साथ जज, जूरी और जल्लाद नहीं बन सकती। बुलडोजर शासन संविधान के अनुच्छेद 21 (जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के संरक्षण के अधिकार ) का उल्लंघन है। लेक्चर के दौरान मॉरीशस के राष्ट्रपति धरमबीर गोखूल, प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम और मुख्य न्यायाधीश रेहाना मंगली गुलबुल भी मौजूद थे।

## तीन तलाक जैसे अन्यायपूर्ण कानून खत्म किए



CJI ने तीन तलाक खत्म करने, व्यभिचार कानून को निरस्त करने, चुनावी बॉन्ड स्कीम और निजता को मौलिक अधिकार मानने जैसे फैसलों का भी जिक्र किया। गवई ने कहा कि इन सभी फैसलों ने दिखाया कि अदालत ने रूल ऑफ लॉ को एक ठोस सिद्धांत बनाया है, जिससे मनमाने और अन्यायपूर्ण कानून खत्म किए गए। CJI गवई ने कहा कि भारत में रूल ऑफ लॉ केवल नियमों का सेट नहीं है, बल्कि यह नैतिक और सामाजिक ढांचा है, जो समानता, गरिमा और सुशासन सुनिश्चित करता है।

# दृष्टि आईएएस पर पांच लाख का जुर्माना

**नई दिल्ली।** भ्रामक विज्ञापन प्रकाशित करने के लिए 'दृष्टि आईएएस' कोचिंग पर पांच लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। दृष्टि आईएएस ने अपने विज्ञापन में सफल अभ्यर्थियों के नाम और तस्वीरों के साथ यूपीएससी की सीएसई-2022 में 216 से अधिक विद्यार्थियों के चयन का प्रमुखता से दावा किया था। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने एक बयान जारी करके कहा कि जांच करने पर सीसीपीए ने पाया कि यह दावा भ्रामक था और इसमें इन अभ्यर्थियों द्वारा चयनित पाठ्यक्रमों के प्रकार और अवधि के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी छिपाई गई थी। महत्वपूर्ण जानकारी को जानबूझकर छिपाने से अभ्यर्थियों और अभिभावकों को यह विश्वास हो गया कि यूपीएससी परीक्षा के सभी चरणों में इन अभ्यर्थियों की सफलता का श्रेय दृष्टि आईएएस को जाता है, जो उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 की धारा 2(28) के तहत एक भ्रामक विज्ञापन है।



# सिंधुदुर्ग-शिरोडा बीच पर 8 पर्यटक डूबे

- तीन लोगों के शव बरामद
- एक ही परिवार के थे सभी सदस्य, पिकनिक मनाने आए थे



**सिंधुदुर्ग।** शिरोडा-वेलागर समुद्र तट पर पिकनिक मनाने गए एक परिवार के आठ सदस्य अरब सागर में डूब गए। तीन लोगों के शव बरामद हुए हैं। वहीं १ को बचा लिया गया है, जबकि 4 अन्य की तलाश जारी है।

## बचाव अभियान जारी, तीन शव बरामद

सूचना मिलने पर पुलिस और स्थानीय आपदा प्रबंधन टीम ने बचाव अभियान शुरू किया। हादसे में अब तक चार पर्यटकों को निकाला गया है, जिनमें इसरा इमरान कित्तूर (17, लोंडा, बेलगाम) जीवित हैं, जबकि फरहान इरफान कित्तूर (34), इबाद इरफान कित्तूर (13) और नमीरा आफताब अख्तर (16) की मौत हो चुकी है। वहीं, इरफान मोहम्मद इसाक कित्तूर (36), इक्वान इमरान कित्तूर (15) – दोनों लोंडा, बेलगाम निवासी, और फरहान मोहम्मद मनियार (20) व जाकिर निसार मनियार (13) – दोनों कुडाल, सिंधुदुर्ग निवासी, अब भी लापता बताए जा रहे हैं।

## कब हुई अनहोनी?

अधिकारी के अनुसार, यह घटना मुंबई से 490 किलोमीटर से भी अधिक दूर स्थित शिरोडा-वेलागर समुद्र तट पर शुक्रवर शाम करीब चार बजे हुई। उन्होंने कहा कि एक ही परिवार के आठ सदस्य पिकनिक मना रहे थे। उनमें से दो कुडाल (सिंधुदुर्ग) में ठहरे थे, जबकि छह अन्य बेलगाम (कर्नाटक के बेलगावी) से आए थे। पुलिस अधिकारी ने बताया कि सभी आठ लोग तैरने के लिए समुद्र में गए, लेकिन कुछ ही देर बाद वे डूबने लगे।

# बीएमसी में नए सहायक आयुक्तों की नियुक्ति

धीरज सिंह । मुंबई

मुंबई महानगरपालिका में रिक्त पदों को भरने के लिए महाराष्ट्र लोक सेवा आयोग (MPSC) द्वारा अनुशंसित चार सहायक आयुक्तों की नियुक्ति का आदेश शुक्रवार को जारी किया गया। महानगरपालिका आयुक्त भूषण गगरानी के निर्देश पर नितिन शुक्ला, संजय इंगले, अलका ससाने और महेश पाटिल का तबादला किया गया।



## वरिष्ठ अधिकारियों का तबादला

प्रशासनिक आदेश के अनुसार, नितिन शुक्ला को बी डिवीजन से के-पूर्व डिवीजन में स्थानांतरित किया गया है, जबकि संजय इंगले को नगर अभियंता विभाग में भेजा गया। महेश पाटिल को एस डिवीजन और अलका ससाने को बाजार डिवीजन की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा, मनीष साल्वे को आर दक्षिण डिवीजन से हटाकर नगर अभियंता विभाग में तैनात किया गया है।

## रिक्त पदों की भरपाई

MPSC द्वारा कुल 14 उम्मीदवारों की अनुशंसा की गई थी। इनमें से छह सहायक आयुक्तों की तैनाती पहले ही हो चुकी थी और शुक्रवार को चार और अधिकारियों की नियुक्ति की गई। शेष चार उम्मीदवारों में से एक को अभी कार्यमुक्त नहीं किया गया है, एक मातृत्व अवकाश पर है, जबकि दो प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। प्रशिक्षण पूरा होते ही उन्हें भी नियुक्त किया जाएगा।

## नए नियुक्त सहायक आयुक्तों की सूची

MPSC की सिफारिशों के आधार पर नियुक्त चार नए सहायक आयुक्तों में संतोष गोरख सालुंके (सी डिवीजन), वृषाली पांडुरंग इंगुले (एफ साउथ डिवीजन), योगेश रंजीतराव देसाई (बी डिवीजन) और आरती भगवान गोलेकर (आर साउथ डिवीजन) शामिल हैं।

# दो दिन मातोश्री में रखा गया था बाल ठाकरे का शव : रामदास कदम

**मुंबई।** शिवसेना नेता और पूर्व मंत्री रामदास कदम ने दिवंगत बालासाहेब ठाकरे को लेकर सनसनीखेज दावा किया है। उन्होंने कहा कि ठाकरे का पार्थिव शरीर दो दिनों तक उनके आवास 'मातोश्री' में रखा गया था और इसी दौरान शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने उनके अंगूठे का निशान लिया था। कदम ने यह बयान पार्टी की दशहरा रैली में भी दिया था और शुक्रवार को दोहराते हुए कहा कि यह जानकारी उन्हें इलाज कर रहे डॉक्टरों ने दी थी।



## उद्धव ठाकरे पर गंभीर आरोप

कदम ने कहा कि 17 नवंबर 2012 को ठाकरे के निधन के बाद मातोश्री में कई दिनों तक रहस्यमय हालात बने रहे। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर पार्थिव शरीर दो दिन तक क्यों रखा गया और अंगूठे का निशान क्यों लिया गया। कदम ने यह भी आरोप लगाया कि ठाकरे के निधन के बाद उद्धव ठाकरे ने पार्टी के पुराने नेताओं को निशाना बनाया और उनके राजनीतिक जीवन को खत्म करने की कोशिश की। रामदास कदम के दावे पर शिवसेना (यूबीटी) ने कड़ी प्रतिक्रिया दी।

# स्टेशन रोड नहीं, बल्कि छत्रपति शिवाजी महाराज मार्ग लिखिए जनाब!

## सरकारी दस्तावेजों में अब भी हो रहा है पुराने नामों का उपयोग

स्पेशल न्यूज़

**विनय दूबे | भाईंदर**

मीरा-भाईंदर शहर के सभी मार्गों के आधिकारिक नामों की जगह आज भी एमबीवीवी पुलिस, चुनाव आयोग और अन्य महत्वपूर्ण सरकारी विभागों के दस्तावेजों में पुराने नामों का उल्लेख किया जा रहा है। मीरा-भाईंदर महानगरपालिका ने 6 अक्टूबर 2001 से अब तक शहर के विभिन्न चौक और मार्गों के नामकरण के लिए कुल 511 नाम निर्धारित किए हैं। लेकिन हैरानी की बात यह है कि प्रशासन के अहम विभागों के दस्तावेजों में अब भी पुराने नाम ही इस्तेमाल किए जा रहे हैं। शहर के विकास और सुव्यवस्था के लिए एमबीएमसी द्वारा किए जा रहे कार्यों में चौक और सड़कों का नामकरण एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। बावजूद इसके, अन्य सरकारी विभागों द्वारा दस्तावेजों में पुराने नामों का उपयोग गंभीर समस्या बन गया है। एमबीएमसी द्वारा बार-बार पत्राचार करने के बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है, जो लापरवाही को दर्शाता है।




### लोगों की भावनाओं से जुड़ा मुद्दा

सड़क और चौक के नाम केवल पहचान नहीं होते, बल्कि वे लोगों की भावनाओं से भी जुड़े होते हैं। उदाहरण के लिए, भाईंदर पुलिस थाने के आधिकारिक पत्र पर आज भी 'स्टेशन रोड' लिखा जाता है, जबकि उस मार्ग का आधिकारिक नाम 'छत्रपति शिवाजी महाराज मार्ग' है। इसी तरह, भाईंदर (प.) में 'भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर मार्ग' को अब भी 60 फिट रोड कहा जाता है और 'भारत रत्न पं. लाल बहादुर शास्त्री मार्ग' को 'खाऊ गली' के रूप में दर्ज किया गया है। ऐसे अनेक उदाहरण शहर में देखने को मिलते हैं। सरकारी विभागों द्वारा दस्तावेजों में नए नामों का उल्लेख न करना लापरवाही है। इसलिए आवश्यक है कि इस समस्या का तत्काल समाधान निकाला जाए ताकि लोगों को कानूनी और प्रशासनिक समस्याओं का सामना न करना पड़े।

### पूर्व नगरसेवक ओमप्रकाश गारोड़िया ने जताई चिंता

22 सितंबर 2011 को मीरा-भाईंदर मनपा की महासभा में इस मुद्दे को पहली बार उठाने वाले पूर्व नगरसेवक ओमप्रकाश गारोड़िया ने कहा कि 14 साल बीत जाने के बाद भी अपेक्षित कार्य नहीं हुआ है। सरकारी दस्तावेजों में नामों की अद्यतन जानकारी न होने से कानूनी समस्याएँ और भ्रम की स्थिति उत्पन्न होती है। संपत्ति से संबंधित दस्तावेजों में सही नाम न होने के कारण लोगों को गंभीर दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

### शहर अभियंता दीपक खाम्बीत का बयान

शहर अभियंता दीपक खाम्बीत ने डीबीडी संवाददाता को बताया कि हमने कई बार शहर के सभी सरकारी विभागों और अन्य एजेंसियों को मार्गों और चौकों के नए नामों की सूची उपलब्ध कराई है। इसके बावजूद अधिकारी नए नामों का उल्लेख दस्तावेजों में नहीं कर रहे हैं। इस लापरवाही का खामियाजा जनता और प्रशासन दोनों को भुगतना पड़ रहा है।

# मराठी भाषा बनी आजीविका का साधन: केलुसकर




**डीबीडी संवाददाता | ठाणे**

वरिष्ठ लेखक डॉ. महेश केलुसकर ने कहा कि मराठी भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि आजीविका का साधन भी है। यह भाषा भारत समेत दुनिया के 72 देशों में बोली जाती है और वित्तीय लेन-देन में भी प्रयोग की जाती है। इसलिए इससे जुड़े विभिन्न क्षेत्रों में व्यावसायिक अवसर मौजूद हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि मराठी भाषा को लेकर किसी भी प्रकार की गलतफहमी नहीं होनी चाहिए। गौरतलब है कि 3 अक्टूबर 2024 को मराठी को क्लासिक भाषा का दर्जा दिया गया था। इस अवसर पर 3 से 9 अक्टूबर तक पूरे राज्य में क्लासिक मराठी भाषा सप्ताह मनाया जा रहा है। ठाणे मनपा द्वारा इस सप्ताह के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। शुक्रवार को मनपा मुख्यालय के नरेंद्र बल्लाल सभागृह में व्याख्यानमाला के 17वें पुष्प के साथ इसकी शुरुआत हुई।

# हत्या के 32 साल बाद सभी आरोपी बरी

- अभियोजन पक्ष की खामियों पर जज ने जताई हैरानी



**डीबीडी संवाददाता | ठाणे**

ठाणे जिले की एक सत्र अदालत ने 32 साल पहले हुई एक व्यक्ति की हत्या के मामले में सभी पांच आरोपियों को बरी कर दिया। अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष विश्वसनीय गवाह जुटाने और पुख्ता सबूत देने में असफल रहा। साथ ही मामले से जुड़े अहम दस्तावेज भी खराब हो चुके थे। ऐसे में अदालत ने संदेह का लाभ देते हुए पांचों आरोपियों को रिहा कर दिया।

### क्या है मामला?

कल्याण के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पी. एफ. सैय्यद ने 26 सितंबर को यह फैसला सुनाया, जिसकी एक प्रति शुक्रवार को उपलब्ध कराई गई। अभियोजन पक्ष के अनुसार, 16 दिसंबर, 1992 को सम्राट अशोक नगर में लकी प्रेमचंद भाटिया नाम के व्यक्ति पर धारदार हथियारों से हमला किया गया था, जिससे उसकी मौत हो गई थी। इस मामले में सुरेश दीनानाथ उपाध्याय, गौतम महादेव गायकवाड़, मोहिद्दीन सिद्दीक खान, कन्हैया बसन्ना कोली और कुमार चेतुमल नागरानी को आरोपी बनाया गया था। मुकदमे में काफी बाधाएं आईं जिसके कारण मुकदमा लंबा खिंचा। आरोपी जमानत पर रिहा हो गए थे। सुनवाई के दौरान न्यायाधीश को गवाहों के बयान और आरोपपत्र सहित सभी महत्वपूर्ण दस्तावेज फटे हुए मिले। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का रिकॉर्ड तक उपलब्ध नहीं था। न्यायाधीश ने कहा कि अभियोजन पक्ष केवल दो गवाहों से पूछताछ कर पाया, लेकिन उनमें से एक की गवाही को अविश्वसनीय माना गया क्योंकि उसे पार्किंसन की बीमारी थी। पांचों आरोपियों को बरी करते हुए अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष उनके अपराध को साबित करने में विफल रहा।

# नमाज़ को लेकर बवाल

- दो गुटों में मारपीट, वीडियो वायरल
- पुलिस ने मामला दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू की



**डीबीडी संवाददाता | कल्याण**

शुक्रवार दोपहर कल्याण पूर्व के आनंदवाड़ी इलाके में नमाज़ को लेकर दो गुटों में बहस के बाद मारपीट हो गई। इस दौरान बीच-बचाव करने पहुंचे एक राजनीतिक दल के कार्यकर्ता सूरज खान की भी जमकर पिटाई कर दी गई। मिली जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को मस्जिद में नमाज़ पढ़ने वालों की भीड़ काफी ज्यादा थी। पहले से नमाज़ पढ़ रहे लोग अधिक समय ले रहे थे, जिस पर इंतजार कर रहे लोगों ने जल्दी नमाज़ पढ़ने की बात कही। इसी मामूली बहस ने देखते-ही-देखते मारपीट का रूप ले लिया।

### महिला पर हाथ उठाने का भी आरोप

घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। वीडियो में एक महिला पर हाथ उठाने की बात भी सामने आ रही है। वायरल क्लिप में पुलिस मौके पर पहुंचकर भीड़ को नियंत्रित करने और तितर-बितर करने की कोशिश करती दिखाई दे रही है। झड़प के बाद इलाके में कुछ देर तक तनावपूर्ण माहौल बना रहा। फिलहाल कोलशेवड़ी थाने में मामला दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। पुलिस ने बताया कि इस मामले की विस्तृत जांच की जा रही है और हालात पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

# प्रॉपर्टी कार्ड में सिर्फ एक क्लिक पर मिलेगा समाधान

- उल्हासनगर में भूमि सर्वेक्षण शिकायतों का होगा डिजिटल निपटारा

**सुरेश चौहान | उल्हासनगर**



अब नागरिकों को प्रॉपर्टी कार्ड और भू-मापन से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए ठाणे या अन्य दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। शहरवासियों को राहत देते हुए नगर सर्वेक्षण कार्यालय, उल्हासनगर में बुधवार, 1 अक्टूबर से डिजिटल प्लेटफॉर्म पर शिकायतों का निपटारा शुरू कर दिया गया है। यह पहल छत्रपति शिवाजी महाराज राज्य मिशन और केंद्र सरकार के सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत की गई। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से लेकर महात्मा गांधी जयंती 2 अक्टूबर तक आयोजित किया गया। इस दौरान नागरिकों ने संपत्ति कार्ड में नाम न जुड़ने, सरकारी भूमि पंजीकरण लंबित रहने और भूमि मापन में देरी जैसी शिकायतें दर्ज कराईं। अधिकारियों ने मौके पर ही कई शिकायतें दर्ज कीं और त्वरित समाधान का आश्वासन दिया। नगर सर्वेक्षण अधिकारी अतुल लोंधे ने बताया कि अब लोग अपनी शिकायतें ऑनलाइन दर्ज करा सकते हैं। उन्होंने कहा, 'हम कोशिश करेंगे कि शिकायतों का निपटारा जल्द से जल्द किया जाए।'

### विधायक ने किया सीधा संवाद का ऐलान

इस मौके पर विधायक कुमार आयलानी ने घोषणा की कि वे हर महीने एक बार सरकारी कार्यालयों का दौरा करेंगे और नागरिकों की समस्याओं को सुनकर उनके समाधान की दिशा में पहल करेंगे।

### कार्यक्रम में शामिल रहे कई गणमान्य लोग

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश वढारिया, मनोज पाटिल, सोनी भाटिया, माधव बागड़े और चरण थोरात सहित अन्य पदाधिकारी और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# शिर्डी में पहली बार होगा 'श्री साई सोशल मीडिया समिट – 2025'

**अमोल वाघमारे | शिर्डी**

शिर्डी के श्री साईबाबा संस्थान द्वारा पहली बार आयोजित किए जा रहे 'श्री साई सोशल मीडिया समिट – 2025' में देशभर से 300 से अधिक इन्फ्लुएंसर्स, यूट्यूबर्स और सोशल मीडिया क्रिएटर्स भाग लेंगे। इसमें बड़े इन्फ्लुएंसर्स के साथ छोटे स्तर के कंटेंट क्रिएटर्स को भी शामिल होने का मौका मिलेगा। इस दो दिवसीय समिट में श्री साईबाबा के संदेश, संस्थान की सेवाएं, धार्मिक पर्यटन, एआई तकनीक और सोशल मीडिया ट्रेंड्स पर विशेष सत्र होंगे। उद्घाटन कार्यक्रम में प्रसिद्ध गायक और साईभक्त सोनू निगम मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे और प्रतिभागियों को मार्गदर्शन देंगे।



### प्रतिभागियों को मिलेगा विशेष अनुभव

समिट में शामिल होने वाले प्रतिभागियों को श्री साईबाबा के विशेष दर्शन, संस्थान की सेवाओं का अवलोकन, भजन संध्या का आनंद और स्मृति चिन्ह के रूप में 'साई ब्लेसिंग बटन' प्रदान किया जाएगा। संस्थान के सीईओ गोरक्ष गाडिलकर ने कहा कि यह समिट धार्मिक पर्यटन को डिजिटल मंच पर नई दिशा देगा और शिर्डी की सामाजिक व आर्थिक प्रगति में सहायक बनेगा।

# भव्य रैली और विशेष आयोजन से मना स्वर्ण जयंती वर्ष

**डीबीडी संवाददाता | ठाणे**

स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर रमेश परमार जूनियर कॉलेज ऑफ जनरल एजुकेशन और अभिरुचि मंडल द्वारा एक भव्य रैली, सांस्कृतिक गतिविधियों और यादगार कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस रैली में कॉलेज के सभी छात्र, शिक्षक, विद्यालय समिति के अध्यक्ष, संस्था के कार्यकारी अध्यक्ष शैलेंद्र सालवी, प्रधानाचार्य विकास पाटिल, उप-प्रधानाचार्य अनुराधा कुलकर्णी और सतीश घोलप, विभागाध्यक्ष, निदेशक मंडल सहित शिक्षण एवं गैर-शिक्षण कर्मचारी बड़ी संख्या में शामिल हुए। रैली एम.डी.एच. विद्यालय से शुरू होकर शिवाजी पथ, तलावपाली और नौपाड़ा मार्ग से निकाली गई। इस अवसर पर अत्याधुनिक खगोल विज्ञान प्रयोगशाला का उद्घाटन और राज्य स्तरीय बोली कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाराष्ट्र के वन मंत्री एवं एम.एच. विद्यालय के पूर्व छात्र गणेश नाइक रहे, जबकि विधायक निरंजन डावखरे विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। प्रधानाचार्य विकास पाटिल ने डिजिटल पुस्तकालय की स्थापना हेतु एक करोड़ रुपए की आवश्यकता जताई, जिस पर वन मंत्री गणेश नाइक ने 50 लाख और विधायक डावखरे ने 20 लाख रुपए की सहायता देने की घोषणा की। संस्था के कार्यकारी अध्यक्ष शैलेंद्र सालवी ने इस योगदान के लिए आभार जताते हुए कहा कि मराठी माध्यम शिक्षा को संरक्षित रखने में इस प्रकार का सहयोग अत्यंत मूल्यवान है।



# डॉ. नरेंद्र शर्मा सपा महाराष्ट्र प्रदेश के महासचिव नियुक्त

**डीबीडी संवाददाता | भाईंदर**

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर तथा महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष अबू हाशमी के नेतृत्व में डॉ. नरेंद्र शर्मा को पार्टी का महाराष्ट्र प्रदेश महासचिव नियुक्त किया गया है। मीरा रोड निवासी डॉ. शर्मा मूल रूप से उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर जिले के लम्भुआ क्षेत्र से संबंध रखते हैं। वे लंबे समय से सामाजिक कार्यों और विभिन्न संगठनों से सक्रिय रूप से जुड़े रहे हैं। पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए डॉ. शर्मा ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य मुंबई और महाराष्ट्र में संगठन को मजबूत करना होगा।



**पश्चिम रेलवे**
**सामग्री प्रबंधन विभाग**
**विभिन्न सामग्री आपूर्ति**

**ई-खरीद निविदा सूचना संख्या S/64/2025, दिनांक 30.09.2025**

| एस.एन. | वस्तु का संक्षिप्त विवरण | मात्रा | टी.ओ.डी. |
|---|---|---|---|
| 569 | रेडिएटर फ़ैन मोटर | 58 नग | 27-अक्टूबर-25 |
| 570 | PTFE प्रकार का छोटा न्यूट्रल सेक्शन | 33 सेट | 28-अक्टूबर-25 |
| 571 | निरंतर संपर्क पॉलीयूरेथेन के लिए शीर्ष आवरण | 12,699 नग | 28-अक्टूबर-25 |
| 572 | एकल स्लाइडिंग दरवाज़ा | 480 सेट | 28-अक्टूबर-25 |
| 573 | LHB डिब्बों के WSP सिस्टम के लिए सर्किट बोर्ड MB 04B | 66 नग | 29-अक्टूबर-25 |
| 574 | बेयरिंग शील्ड (साइड) (अंत शील्ड) | 35 नग | 31-अक्टूबर-25 |
| 575 | सुरक्षात्मक रिले का सेट | 80 सेट<br>80 नग | 03-नवंबर-25 |
| 576 | सस्पेंशन ट्यूब और उसके संयोजन घटक | 480 सेट | 05-नवम्बर-25 |
| 577 | वैक्यूम सर्किट ब्रेकर | 80 नग | 06-नवंबर-25 |
| 578 | कंटेनर फ्लैट वैगन के लिए लोड सेंसिंग डिवाइस | 1,825 नग | 12-नवंबर-25 |
| 579 | वातानुकूलित EMU रेकों में अलार्म सिस्टम के साथ स्वचालित धुआँ/आग का पता लगाने वाले उपकरण का डिज़ाइन, आपूर्ति, स्थापना, कमीशनिंग और परीक्षण | 17 नग | 13-नवंबर-25 |

विस्तृत सूचना, अग्रिम राशि, क्रय प्रतिबंध और विस्तृत निविदा शर्तों के लिए कृपया www.ireps.gov.in और wr.indianrailways.gov.in वेबसाइट देखें। 0672

Like us on: facebook.com/WesternRly • Follow us on: X.com/WesternRly

# पश्चिम रेलवे ने की स्वच्छता पखवाड़ा 2025 अभियान की शुरुआत



**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

भारतीय रेल ने 1 से 15 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा 2025 मनाने का निर्णय लिया है। इसी कड़ी में पश्चिम रेलवे ने अपने मुख्यालय चर्चगेट से इस अभियान का शुभारंभ किया। पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक विवेक कुमार गुप्ता ने कर्मचारियों और अधिकारियों को स्वच्छता शपथ दिलाई तथा स्वच्छता शपथ बोर्ड पर हस्ताक्षर किए। पहले दिन मुख्यालय और मंडल कार्यालयों में जागरूकता रैलियां, प्रभात फेरियां, नुक्कड़ नाटक, श्रमदान और वृक्षारोपण जैसी गतिविधियाँ आयोजित की गईं।

### गांधी जयंती पर विशेष सफाई और जागरूकता अभियान

दूसरे दिन महात्मा गांधी जयंती और स्वच्छ भारत दिवस के अवसर पर रेलवे स्टेशनों, कॉलोनियों और ट्रैक क्षेत्रों में सफाई अभियान और जागरूकता गतिविधियाँ चलाई गईं। इन कार्यक्रमों में गैर-सरकारी संगठनों और स्थानीय समुदायों की भागीदारी रही। इससे पहले भी पश्चिम रेलवे ने 'स्वच्छता ही सेवा (एसएचएस-2025)' अभियान चलाया था, जिसमें सफाई, वृक्षारोपण, स्वास्थ्य शिविर, मैराथन, साइक्लोथॉन और वेस्ट-टू-आर्ट जैसी पहलें की गईं। ये सभी प्रयास पश्चिम रेलवे की स्वच्छ भारत मिशन के प्रति प्रतिबद्धता और स्वच्छ व स्वस्थ वातावरण बनाने की दिशा में उठाए गए महत्वपूर्ण कदम हैं।

# आखिर कब तक फुफकारता रहेगा नफ़रत रूपी विषधर?

## गांधी-शास्त्री जयंती पर एकता का संदेश

**विनय दूबे | भाईंदर**

महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर मीरा रोड स्टेशन के पास कांग्रेस की शहर इकाई द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में हिन्दू-मुस्लिम भाईचारे और देश की अखंडता का संदेश दिया गया। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक मुजफ्फर हुसैन ने कहा कि मुझे गर्व है कि हमारा देश एक धर्मनिरपेक्ष और शक्तिशाली राष्ट्र है। महात्मा गांधी ने सर्वधर्म समभाव की भावना के साथ देशवासियों को अहिंसा और शांति का संदेश देकर सबको एक सूत्र में पिरोने का महान कार्य किया। उसी विचारधारा पर हम आज भी चल रहे हैं और आगे भी चलते रहेंगे। उन्होंने कहा कि हिन्दू-मुस्लिम एकता और भाईचारे के सामने अंग्रेजों ने भी घुटने टेक दिए थे। हमें तोड़ने के लिए जो षड्यंत्र उस समय रचा गया, उसी विष का पान आज भी आधुनिक काल में करना पड़ रहा है। यह दुखद है कि 21वीं सदी में भी हम अपने मन रूपी खेतों में मोहब्बत की जगह नफ़रत का बीज बो रहे हैं और आने वाली पीढ़ी को नफ़रत ही विरासत में दे रहे हैं। आखिर कब तक नफ़रत रूपी भुजंग फुँकारेगा और सभ्य समाज को डसता रहेगा? उन्होंने कहा कि देश की अखंडता और एकता को मजबूत बनाने के लिए हमें आपसी मेलजोल के साथ रहना होगा। यही हमारे महान जननायकों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।




### 'आई लव महादेव' और 'आई लव मोहम्मद' का संदेश

कार्यक्रम की मुख्य विशेषता यह रही कि हिन्दू और मुस्लिम भाइयों ने अपने हाथों में 'I Love Mahadev' और 'I Love Mohammad' लिखी तख्तियां लेकर आपसी भाईचारे और एकता का सार्थक संदेश दिया।

### संकल्प का लिया गया निर्णय

इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर सत्य, अहिंसा और प्रेम के मूल्यों को अपनाने का संकल्प लिया।

### जिलाध्यक्ष प्रमोद सामंत का वक्तव्य

जिलाध्यक्ष प्रमोद सामंत ने कहा कि सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर प्राणों की आहुति देने वाले बापू ने सर्वधर्म समभाव की बात कही और देश को धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र बनाने में अहम भूमिका निभाई। लाल बहादुर शास्त्री ने पूरे राष्ट्र को किसानों और जवानों की महत्ता से अवगत कराते हुए 'जय जवान, जय किसान' का कालजयी मंत्र दिया। गांधी और शास्त्री, दोनों नेताओं ने देश के लिए अपना जीवन समर्पित किया और उनके आदर्श आज भी नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

# खिलौनों में छिपाकर लाई गई 79 करोड़ की कोकीन जब्त

## दो महिलाएं हुई गिरफ्तार

डीबीडी संवाददाता | मुंबई



राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) की मुंबई इकाई ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बैंकॉक से आईं दो महिला यात्रियों के पास से 79.5 करोड़ रुपए मूल्य की 7.95 किलोग्राम कोकीन जब्त की है। इस मामले में दोनों महिलाओं को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। डीआरआई को गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई करनी पड़ी। हवाई अड्डे पर जांच के दौरान अधिकारियों को यात्रियों के सामान में मौजूद खिलौनों के पैकेटों के भीतर सफेद पाउडर मिला। एनडीपीएस फील्ड किट से जांच में पुष्टि हुई कि वह पदार्थ कोकीन है।

### हाल ही में एएनसी ने भी की थी बड़ी कार्रवाई

इससे पहले, 27 सितंबर को मुंबई क्राइम ब्रांच की एंटी नारकोटिक्स सेल (एएनसी) ने शहर के विभिन्न इलाकों में ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए 11 ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया था। इस ऑपरेशन में 2.04 करोड़ रुपए मूल्य के नशीले पदार्थ बरामद किए गए थे। इनमें 198 ग्राम मेफेड्रोन (एमडी/म्याऊ म्याऊ), 6.233 किलोग्राम गांजा, 346 ग्राम हेरोइन और 3,460 नशीली गोलियां शामिल थीं। यह कार्रवाई धारावी, बांद्रा, भायखला, गोवंडी, गोरेगांव, मालवणी, बोरीवली और माहिम जैसे इलाकों में की गई थी। इसमें एएनसी की आजाद मैदान, बांद्रा, कांदिवली, वर्ली और घाटकोपर यूनिट्स ने संयुक्त रूप से भाग लिया था।

### एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई

अधिकारियों ने तुरंत कोकीन को नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस अधिनियम 1985 के तहत जब्त किया और दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल डीआरआई इस तस्करी के पीछे के अंतरराष्ट्रीय ड्रग सिंडिकेट का पता लगाने में जुटा है। डीआरआई ने इस ऑपरेशन को 'नशा मुक्त भारत' के संकल्प की दिशा में अहम कदम बताया है।

# महिला से दुष्कर्म के आरोप में डांस इंस्ट्रक्टर गिरफ्तार



डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र के गोरेगांव में आरे मार्ग पुलिस स्टेशन की टीम ने एक 22 वर्षीय डांस इंस्ट्रक्टर को 32 वर्षीय पेशेवर डांसर के साथ कथित तौर पर दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार किया है। इस मामले की गहन छानबीन पुलिस कर रही है। आरे मार्ग पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक रवींद्र पाटिल ने शुक्रवार को पत्रकारों को बताया कि इस मामले में पीड़िता अंधेरी में रहती हैं और फिल्मों और स्टेज शो में डांस कर अपनी आजीविका चलाती हैं। पीड़िता की शिकायत के अनुसार मालाड निवासी डांस इंस्ट्रक्टर ने नृत्य अभ्यास के दौरान नशीला पदार्थ मिलाकर पिलाया, इसके बाद पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया। इस मामले की शिकायत के बाद मामले की छानबीन की गई और आरोपित को बीती रात गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित से गहन पूछताछ जारी है।

# अनिल अंबानी को बॉम्बे हाई कोर्ट से झटका

## एसबीआई द्वारा कर्ज खातों को धोखाधड़ी घोषित करने के फैसले पर अदालत की मुहर

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

उद्योगपति अनिल अंबानी को बॉम्बे हाई कोर्ट से राहत नहीं मिल पाई है। अदालत ने शुक्रवार को भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के उस फैसले के खिलाफ दायर उनकी याचिका खारिज कर दी, जिसमें बैंक ने उनके कर्ज खातों को धोखाधड़ी की श्रेणी में रखा था। न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति नीला गोखले की खंडपीठ ने एसबीआई के कदम को सही ठहराया।

### एसबीआई ने लगाया धोखाधड़ी का आरोप



जून 2025 में एसबीआई ने रिलायंस कम्युनिकेशंस (आरकॉम) और उसके प्रमोटर अनिल अंबानी के कर्ज खातों को धोखाधड़ी वाला करार दिया था। बैंक ने इसके पीछे धन के दुरुपयोग, कर्ज अनुबंधों के उल्लंघन और संबंधित पक्ष के लेन-देन जैसे गंभीर कारण बताए थे। इसके बाद एसबीआई ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को सूचित किया और सीबीआई से संपर्क साधने की प्रक्रिया शुरू की। अंबानी ने अदालत में दलील दी थी कि वह आरकॉम के केवल गैर-कार्यकारी निदेशक हैं और उन्हें चुनिंदा रूप से निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उन्हें अपना बचाव पेश करने का पर्याप्त अवसर भी नहीं दिया गया। लेकिन अदालत ने उनकी दलीलों को खारिज कर दिया और कहा कि एसबीआई ने आरबीआई के जुलाई 2024 के मास्टर निर्देशों के अनुसार ही कार्य किया है।

### पहले केनरा बैंक मामले में मिली थी राहत

उसी खंडपीठ ने पहले एक अन्य मामले में अंबानी को आंशिक राहत दी थी। केनरा बैंक द्वारा जारी धोखाधड़ी वर्गीकरण आदेश पर अदालत ने रोक लगाई थी क्योंकि बैंक ने आरबीआई के मास्टर सर्कुलर का पालन नहीं किया था। हालांकि, जुलाई 2025 में केनरा बैंक ने अदालत को सूचित किया कि उसने यह आदेश वापस ले लिया है, जिसके बाद मामला निपट गया।

### अब सीबीआई जांच की राह आसान

हाई कोर्ट के फैसले के बाद अब एसबीआई की ओर से अंबानी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला और मजबूत हो गया है। बैंक ने सीबीआई से संपर्क करने की प्रक्रिया पहले ही शुरू कर दी है। माना जा रहा है कि आगे इस मामले में सीबीआई स्तर पर गहन जांच होगी, जिससे अंबानी की कानूनी मुश्किलें और बढ़ सकती हैं।

# आशा भोसले को मिली कानूनी जीत

## एआई टूल्स के जरिए किसी की आवाज बदलना या कॉपी करना व्यक्तित्व और पहचान पर आघात: कोर्ट

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

बॉम्बे हाई कोर्ट ने मशहूर पार्श्व गायिका आशा भोसले की पर्सनैलिटी राइट्स सुरक्षा याचिका पर अहम फैसला सुनाया है। अदालत ने स्पष्ट किया कि अब बिना उनकी अनुमति के कोई भी कंपनी, प्लेटफॉर्म या एआई टूल उनके नाम, तस्वीर, आवाज और पहचान का इस्तेमाल नहीं कर सकेगा। आशा भोसले ने आरोप लगाया था कि एआई कंपनी मायक, ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म अमेजन और फ्लिपकार्ट, गूगल समेत एक स्वतंत्र कलाकार उनके नाम और आवाज का गलत प्रयोग कर रहे हैं। अदालत ने माना कि एआई टूल्स के जरिए किसी की आवाज को कॉपी करना उनके व्यक्तित्व और पहचान का उल्लंघन है।

### क्या होते हैं पर्सनैलिटी राइट्स



पर्सनैलिटी राइट्स व्यक्ति की निजता और पहचान की सुरक्षा से जुड़े अधिकार हैं। इसमें प्रमुख रूप से दो पहलू शामिल हैं – पहला, प्रचार का अधिकार यानी किसी की पहचान का व्यावसायिक उपयोग बिना अनुमति रोका जाए, और दूसरा, निजता का अधिकार यानी किसी की पहचान को उसकी मर्जी के बिना सार्वजनिक न किया जाए। हालांकि भारत में इसके लिए अलग से कोई कानून नहीं है, लेकिन संविधान का अनुच्छेद 21, कॉपीराइट अधिनियम 1957 और ट्रेडमार्क अधिनियम 1999 इन अधिकारों की कानूनी सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं।

### पहले भी कलाकार पहुंच चुके हैं कोर्ट

यह मामला ऐसा पहला नहीं है जब किसी कलाकार ने अपनी पहचान की सुरक्षा के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाया हो। इससे पहले भी बॉलीवुड और संगीत जगत की कई हस्तियां पर्सनैलिटी राइट्स की रक्षा के लिए कोर्ट में याचिकाएं दाखिल कर चुकी हैं। अदालतों ने कई बार माना है कि नाम, तस्वीर, आवाज या हस्ताक्षर का दुरुपयोग न केवल कलाकार की पहचान को नुकसान पहुंचाता है ।

# माहिम एवं सांताक्रुज़ स्टेशनों के बीच रात्रिकालीन जम्बो ब्लॉक



**मुंबई।** रेलपथ, सिगनलिंग प्रणाली तथा ऊपरी उपस्करों के रख-रखाव हेतु पश्चिम रेलवे द्वारा शनिवार/रविवार, 04/05 अक्टूबर, 2025 की मध्यरात्रि को माहिम एवं सांताक्रुज़ स्टेशनों के बीच अप एवं डाउन धीमी लाइनों पर 01.00 बजे से 04.30 बजे तक 3.5 घंटे का जम्बो ब्लॉक लिया जायेगा। पश्चिम रेलवे के जनसंपर्क विभाग द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, ब्लॉक के दौरान डाउन धीमी लाइन की सभी ट्रेनें मुंबई सेंट्रल एवं सांताक्रुज़ स्टेशनों के बीच डाउन फास्ट लाइनों पर चलायी जायेंगी। ये ट्रेनें प्लेटफॉर्म की अनुपलब्धता के कारण महालक्ष्मी, प्रभादेवी एवं माटुंगा रोड स्टेशनों पर नहीं रुकेंगी तथा प्लेटफॉर्म की अपर्याप्त लंबाई के कारण इन ट्रेनों को लोअर परेल, माहिम एवं खार रोड स्टेशनों पर डबल हॉल्ट दिया जायेगा। इसी प्रकार, अप धीमी लाइन की ट्रेनें सांताक्रुज़ से मुंबई सेंट्रल/चर्चगेट के बीच अप फास्ट लाइन पर चलायी जायेंगी, जो खार रोड स्टेशन पर डबल हॉल्ट लेंगी तथा प्लेटफॉर्म की अनुपलब्धता के कारण महिम, माटुंगा रोड, प्रभादेवी, लोअर परेल एवं महालक्ष्मी स्टेशनों पर नहीं रुकेंगी। ब्लॉक के कारण कुछ अप एवं डाउन उपनगरीय ट्रेनें निरस्त रहेंगी।

**पश्चिम रेलवे**

**आरएमपीयू की प्रशीतन प्रणाली के लिए ध्यानाकर्षण**

वरिष्ठ मंडल रेल प्रबंधक (रोलिंग स्टॉक) ईएमयू कारशेड, मुंबई सेंट्रल मंडल, पश्चिम रेलवे, मुंबई सेंट्रल, कांदिवली एवं विरार तथा मुंबई 400034, **ई-निविदा सूचना संख्या: डीआरएम/आरएस/2025-26/07 दिनांक 27.09.2025 आमंत्रित करते हैं। कार्य का नाम:** दो वर्ष की अवधि के लिए ईएमयू रेकों में आरएमपीयू की प्रशीतन प्रणाली और डी-कैब एसी से सुसज्जित कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत:** 47,90,038.90 **बयाना राशि:** 95,800/- **जमा करने की तिथि एवं समय:** 22.10.2025, 15:00 बजे तक। **खुलने की तिथि एवं समय:** 22.10.2025 को 15:30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएँ। 0666

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**मध्य रेल**

**माटुंगा कारखाना में निष्प्रयोज्य (कंडम) व्हील सेट की गैस कटिंग का कार्य**

मुख्य कारखाना प्रबंधक का कार्यालय, माटुंगा, मुंबई - 400019. **निविदा सूचना क्र. आरआर / पीआर / डब्ल्यूसी / 2038 / 24-25 / 08 / RT, दिनांक 29.09.2025. कार्य का विवरण:** माटुंगा कारखाना में निष्प्रयोज्य (कंडम) व्हील सेट की गैस कटिंग का कार्य। **मात्रा:** दर अनुसूची के अनुसार। **निविदा समापन / खोलने और समय की तिथि:** 18.10.2025, 12:00 बजे तक। निविदा विवरण और निविदा दस्तावेज **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर उपलब्ध है। निविदाएं वेबसाइट के माध्यम से केवल ई-टेंडरिंग प्रारूप में ही स्वीकार की जाएंगी। AK-506

टिकट के लिए UTS APP डाउनलोड करे

**मध्य रेल**

**माटुंगा वर्कशॉप में ईओटी क्रेन का स्थानांतरण**

मुख्य कारखाना प्रबंधक का कार्यालय, माटुंगा, मुंबई - 400019, **निविदा सूचना क्र.: आरआर / पीआर/डब्ल्यूसी/2022/2024-25/128, दिनांक 22.09.2025. कार्य का विवरण:** माटुंगा वर्कशॉप में ईओटी क्रेन संख्या 2357 कैप. 10 टन (व्हील शॉप बे संख्या 01 से टीआरएमएल बे संख्या 02 तक) और 2438 कैप. 5 टन (टीआरएमएल बे संख्या 01 से व्हील शॉप बे संख्या 01 तक) का स्थानांतरण। **मात्रा:** रेट शेड्यूल के अनुसार। **निविदा समापन / खोलने और समय की तिथि:** 14.10.2025, 12:00 बजे तक। निविदा विवरण और निविदा दस्तावेज **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर उपलब्ध है। निविदाएं वेबसाइट के माध्यम से केवल ई-टेंडरिंग प्रारूप में ही स्वीकार की जाएंगी। AK-503

टिकट के लिए UTS APP डाउनलोड करे

**मध्य रेल**

**एयर स्प्रिंग टेस्ट रिग के साथ पावर पैक का कार्य**

**निविदा सूचना क्र.: आरआर/पीआर/एसएनपीडी/283/24-25/59/R, दिनांक 26.09.2025. कार्य का विवरण:** ईएमयू पीओएच-एसएनपीडी में, एयर स्प्रिंग टेस्टिंग के लिए मल्टीपल बेंच एयर स्प्रिंग टेस्ट रिग क्षमता न्यूनतम 30 टी. का फिक्स्चर डिजाइन, विकास, निर्माण करना और पावर पैक और हाइड्रोलिक सिलेंडर देना। **अनुमानित लागत:** रु. 48,62,190/-. **ईएमडी:** रु. 97,300/-. **निविदा प्रपत्रका शुल्क:** Nil. **समापन अवधी:** 6 महीने। **निविदा जमा करने की तिथि एवं अवधी:** 18.10.2025, 11:30 बजे तक। **बोली शुरू करने की तारीख:** 04.10.2025. टेंडर केवल ई टेंडरिंग में वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से स्वीकार किए जाएंगे। टेंडर पंजिका वेबसाइट में उपलब्ध है। AK-502

टिकट के लिए UTS APP डाउनलोड करे

# मुंबई मेट्रो लाइन 3 पर तकनीकी खराबी



डीबीडी संवाददाता | मुंबई

हाल ही में हुए मोनो रेल हादसे के बाद शुक्रवार को मुंबई मेट्रो लाइन 3 पर सांताक्रूज स्टेशन पहुंचते समय एक ट्रेन में तकनीकी खराबी आ गई। यह घटना दोपहर 2:44 बजे हुई। मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (MMRC) ने बताया कि खराबी आने पर ट्रेन को सांताक्रूज स्टेशन पर तुरंत खाली कराया गया। सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया और किसी तरह की अप्रिय घटना नहीं हुई।

### प्रभावित सेवा रद्द, बाकी संचालन सामान्य

खाली कराए गए रेक को जांच के लिए बीकेसी लूपलाइन पर भेजा गया और उस विशेष सेवा को रद्द कर दिया गया। हालांकि, एमएमआरसी ने स्पष्ट किया कि लाइन 3 की अन्य ट्रेनें तय समय पर चलती रहीं और यात्रियों को कम से कम असुविधा हुई।

### यात्रियों से मांगी माफी

एमएमआरसी ने बयान जारी कर यात्रियों से असुविधा के लिए माफी मांगी। बयान में कहा गया कि "यात्रियों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। सुरक्षित संचालन सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक प्रोटोकॉल का तुरंत पालन किया गया।"

### सुचारू संचालन पर जोर

अधिकारियों ने बताया कि इस दौरान यात्रियों की मदद के लिए सांताक्रूज स्टेशन पर अतिरिक्त कर्मचारी तैनात किए गए थे। साथ ही, एमएमआरसी ने दोहराया कि भूमिगत मेट्रो कॉरिडोर की नियमित जांच की जाती है ताकि भविष्य में यात्रा सुचारू और सुरक्षित बनी रहे।

# मुंबई में 7 से 9 अक्टूबर तक होगी 10% पानी की कटौती



डीबीडी संवाददाता | मुंबई

देश की आर्थिक राजधानी मुंबई के लोगों को अगले हफ्ते पानी की समस्या झेलनी पड़ सकती है. बृहन्मुंबई महानगरपालिका (BMC) ने घोषणा की है कि 7 से 9 अक्टूबर तक शहर में 10% पानी की कटौती होगी. यह कदम पिसे और पांजुरपुर जल शोधन केंद्रों में इलेक्ट्रिकल मीटर अपग्रेडेशन के कारण उठाया जा रहा है. बीएमसी ने नागरिकों से अपील की है कि वे इन तीन दिनों के लिए पर्याप्त पानी पहले से स्टोर करें और पानी का इस्तेमाल सावधानी और समझदारी से करें. पानी की यह कटौती मुंबई के कई महत्वपूर्ण वार्डों और उपनगरों को प्रभावित करेगी.

**शहर डिविजन:**

A वार्ड (कफ परेड, नरीमन पॉइंट, फोर्ट)
B वार्ड (मोहम्मद अली रोड, डोंगरी)
E वार्ड (भायखला)
F-साउथ वार्ड (परळ)
F-नॉर्थ वार्ड (माटुंगा)

**ईस्टर्न सबर्ब्स:**

कुर्ला, विक्रोली, घाटकोपर, भांडुप, नाहुर, कांजुरमार्ग और मुलुंड (ईस्ट और वेस्ट).

**पश्चिम रेलवे**

**विद्युत शक्ति कार्य**

वरिष्ठ डीईई/पी/बीसीटी, मुंबई सेंट्रल, **निविदा सूचना संख्या: EL-81-36-405-WA-48, दिनांक 29-09-2025 आमंत्रित करते हैं। कार्य एवं स्थान:** वलसाड, आरपीएफ प्रशिक्षण केंद्र, बैरक, परेड ग्राउंड के सुधार से संबंधित विद्युत (विद्युत) कार्य, जो एडीईएन - बीएल के अधिकार क्षेत्र में है। **कार्य की अनुमानित लागत:** 10,07,487/-, **बयाना राशि:** 20,200/-, **जमा करने की तिथि एवं समय:** 24.10.2025, 15:00 बजे तक। खुलने की तिथि एवं समय: 24.10.2025 को 15:30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट देखें। www.ireps.gov.in 0669

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

**विभिन्न कार्य**

उप मुख्य अभियंता (पुल-लाइन)-दादर, पश्चिम रेलवे, **ई-निविदा संख्या: DYCE-BR-DDR-2025-16, 30.09.2025 आमंत्रित करते हैं। कार्य का नाम:** "मुंबई मंडल के एसएसई (बी) नंदुरबार के अधिकार क्षेत्र में पश्चिम रेलवे के उधना जलगाँव-खंड के बीच पुल संख्या 374 अप ओडब्ल्यूजी गर्डरों के एक स्पैन की इंस्ट्रूमेंटेशन स्थिति का आकलन और निगरानी"। **कार्य की अनुमानित लागत:** 57,74,371.30 **बयाना राशि:** 1,15,500/- **जमा करने की तिथि और समय:** 29.10.2025, 15:00 बजे तक। उद्घाटन की तिथि और समय: 29.10.2025 को 15:00 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएँ। 0676

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

**विभिन्न कार्य**

उप मुख्य विद्युत अभियंता (निर्माण) पश्चिम रेलवे मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, एनेक्सी बिल्डिंग, तृतीय तल, दो बत्ती, रतलाम (मध्य प्रदेश) 457001। **ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या: EL-C-RTM-2025-04-T, दिनांक: 30.09.2025। कार्य का नाम:** सिमरोल स्थित 132 केवी एमपीपीटीसीएल सब-स्टेशन से अंबेडकर नगर स्थित रेलवे टीएसएस तक डबल सर्किट टावर पर 132 केवी ईएचवी 3, एस/सी ट्रांसमिशन लाइन का डिज़ाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग तथा पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल में धार-इंदौर नई बी.जी. लाइन के संबंध में सिमरोल सब-स्टेशन पर 132 केवी बे विस्तार कार्य। **अनुमानित मूल्य:** 9,71,29,932.64, **बोली जमा:** 6,35,700/- **ऑनलाइन बोली प्रारंभ तिथि:** 10.10.2025 तक। **निविदा समाप्ति तिथि:** 24.10.2025 को अपराह्न 3:30 बजे तक, कार्य समय के दौरान व्यक्तिगत रूप से या कार्यालय के दूरभाष क्रमांक 07412 233996 पर; **संपर्क करें:** ई-मेल: dyceecrtm@gmail.com। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें। 0673

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

MAHAGENCO
Maharashtra State Power Generation Co. Ltd.

**E-TENDER NOTICE**

**Tender Specification No.** Civil-III/HO/Rfx No. 3000061771/FY-2025-26.
**Name of work:** Biennial Comprehensive maintenance of Ductable Split Air conditioning system and window / split AC Units at MSPGCL offices at, Estrella batteries compound, Dharavi and other offices in Mumbai area.

**Sale start date:** 04.10.2025 at 11:00 Hrs. to 24.10.2025 up to17:00 Hrs. | **Submission Date :** 25.10.2025 up to 17:00 Hrs.

Kindly see the company's website https://eprocurement.mahagenco.in. For detailed tender notice.

**Contact person-** Executive Engineer (c), O/o Chief Engineer (Civil) -III, M.S.P.G. Co. Ltd., Mumbai **Fax :**( 022)26581469 **Tel.No.** 022-26474211 extn. 2590, 26472131

Sd/-
**Chief Engineer (C)-III, MSPGCL, Mumbai**

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

जी/दक्षिण वार्ड, धान मिल नाका, एन.एम. जोशी रोड, मुंबई 400025

**ई-निविदा सूचना**

बृहन्मुंबई महानगरपालिका के आयुक्त निम्नलिखित के लिए "ई-निविदा" आमंत्रित करते हैं:

| विवरण | बोली संख्या | बयाना राशि रु. | अनुबंध अवधि | बोली प्रारंभ तिथि और समय | अंतिम तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|---|
| डिवाइडर का प्रावधान / फुटपाथ पेंटिंग जी/दक्षिण वार्ड में स्प्रे मशीन | 2025_ एमसीजीएम_ 1223508 | 50,000/- | 30 दिन | 04.10.2025 11.00 बजे | 10.10.2025 15.00 बजे |

पात्रता मानदंड और अन्य विवरण के लिए:
http://portal.bmc.gov.in पर "ई-टेंडर" अनुभाग के अंतर्गत लॉग ऑन करें या निम्न कार्यालय में संपर्क करें:

**सहायक आयुक्त**
दक्षिण वार्ड जी
धनमिल नाका, एन.एम. जोशी मार्ग, प्रभादेवी, मुंबई-13
फ़ोन: 022-24305031 एक्सटेंशन 124
ईमेल आईडी: ae01swm.gs@mcgm.gov.in
पीआरओ/1798/विज्ञा./2025-26

हस्ता/-
सहायक अभियंता (एसडब्ल्यूएम)
दक्षिण वार्ड जी

समय पर उपचार, बचाएं प्राण।

संपादकीय

# भारत का वर्तमान परिदृश्य: अवसर और चुनौतियाँ

भारत की वर्तमान स्थिति को देखें तो यह समय एक साथ अवसरों और चुनौतियों का संगम है, जहाँ एक ओर अर्थव्यवस्था मजबूती के संकेत देती है तो दूसरी ओर वैश्विक परिदृश्य की अनिश्चितताएँ, सामाजिक तनाव और पर्यावरणीय दबाव हमारे भविष्य की दिशा तय करने की कसौटी बन रहे हैं। हाल ही में जारी आंकड़ों के अनुसार भारत ने 7.8% की मजबूत विकास दर दर्ज की है, जो पांच तिमाहियों में सबसे अधिक है, लेकिन विशेषज्ञ मानते हैं कि वैश्विक व्यापार नीतियों का बदलता स्वरूप और अमेरिका द्वारा भारतीय उत्पादों पर शुल्क दरें दोगुनी करना निर्यातकों के लिए गंभीर चिंता का कारण है। इस चुनौती को देखते हुए भारत सरकार ने पूंजीगत व्यय को रिकॉर्ड स्तर तक पहुँचाने का निर्णय लिया है, जिसमें सड़कों, रेल, बंदरगाहों और डिजिटल अवसंरचना पर विशेष निवेश शामिल है, ताकि दीर्घकालिक विकास का आधार मजबूत हो। इसी बीच विदेश नीति के मोर्चे पर भारत और चीन के बीच पाँच वर्षों से बंद पड़ी प्रत्यक्ष उड़ानों को पुनः शुरू करने का निर्णय एक सकारात्मक संकेत है, जो आर्थिक सहयोग और कूटनीतिक स्थिरता की दिशा में कदम माना जा सकता है, हालाँकि सीमा विवाद और व्यापार असंतुलन जैसी पुरानी समस्याएँ अब भी मौजूद हैं। दूसरी ओर, आंतरिक सामाजिक परिदृश्य उतना ही जटिल दिखाई देता है—वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 को लेकर देशभर में व्यापक विरोध प्रदर्शन हुए हैं, जहाँ इसे धार्मिक अधिकारों पर प्रहार माना गया है; वहीं नागपुर में मार्च 2025 में भड़की धार्मिक हिंसा और तमिलनाडु के करूर में राजनीतिक सभा के दौरान हुई भीड़-भाड़ से हुई त्रासदी ने यह स्पष्ट कर दिया है कि भारत का लोकतंत्र और उसकी सामाजिक संवेदनशीलता निरंतर दबाव में है और किसी भी असावधानी से साम्प्रदायिक सौहार्द या राजनीतिक स्थिरता डगमगा सकती है। इस परिदृश्य को और जटिल बनाता है मौसम और जलवायु का असंतुलन—भारतीय मौसम विभाग ने अक्टूबर माह में औसत से 115% अधिक वर्षा की आशंका जताई है, जो एक ओर कृषि को राहत दे सकती है लेकिन बाढ़, जलभराव और जीवन-यापन पर दबाव भी बढ़ा सकती है; साथ ही वैश्विक तापमान वृद्धि और ऊर्जा खपत में लगातार हो रहे उछाल ने हरित ऊर्जा की दिशा में भारत की गति को और तेज करने की जरूरत पैदा कर दी है, जहाँ सौर, पवन और ऊर्जा भंडारण जैसे क्षेत्रों में निवेश ही दीर्घकालिक समाधान साबित हो सकते हैं। इस पूरे परिदृश्य को सम्पादकीय दृष्टिकोण से देखें तो भारत के सामने सबसे बड़ी चुनौती है—नीति निर्माण में संतुलन और दूरदर्शिता बनाए रखना, क्योंकि विकास की गति बनाए रखने के साथ-साथ सामाजिक न्याय, धार्मिक सहिष्णुता, कूटनीतिक संतुलन और पर्यावरणीय स्थिरता जैसे मोर्चों पर समान रूप से ध्यान देना ही आने वाले दशक में भारत को वास्तविक रूप से एक सशक्त, स्थिर और विश्वसनीय राष्ट्र के रूप में स्थापित कर सकता है।

4 अक्टूबर विश्व पशुदिवस

# पशुजगत के प्रति दुर्व्यवहार त्याग कर सामुहिक रूप से सरंक्षण -संवर्धन का संकल्प ले



कांतिलाल मांडोत
वरिष्ठ पत्रकार, साहित्यकार-स्तम्भकार



देश मे पशुजगत की दुर्दशा को देखकर मन विचलित हो जाता है। गोधन की दुर्दशा देखकर ह्दय कंपित हो उठता है।ऐतिहासिक पृष्ठभूमि में पशुओं के प्रति प्रेम और सहानुभूति अभूतपूर्व थी। पशुओ के संरक्षण के लिए हमे प्रयास करना होगा।आज हमारे देश मे पशुओ की दुर्दशा हो रही है। उसे नकारा नही जा सकता है। पशुओ का अनिवार्य रूप से सरंक्षण होना चाहिए। सामूहिक रूप से हिंसा उन्मूलन के प्रयास तेज होने चाहिए। उससे अहिंसात्मक मूल्यों की प्राणप्रतिष्ठा हो सकती है।पशु दुर्व्यवहार एक तरह से जानबूझकर करने वाला कार्य जैसे मारना ,जलाना,भोजन पानी,आश्रय,देखभाल में कमी जैसी उपेक्षा से अबोल पशुओं को पीड़ा होती है।पशु बोलकर तो शिकायत नही कर सकते है। जानवरो को शारीरिक और भावनात्मक रूप से क्षति पहुंचाई जाती है। घरेलू हिंसा औऱ बाल दुर्व्यवहार गम्भीर अपराध है।

बेजुबान पशुओ पर आए दिन क्रूरता की घटनाएं देखने को मिलती है। आज इंसान कितना क्रूर हो चुका है। बेजुबान पशुओ पर कुलाड़ी से क्षति पहुँचा कर भी उसके मन मे कोई दया के भाव पैदा नही होता है। यहां तक पशु खेत मे घुसने पर पशुओ के पैर तक काट दिये जाते है।इससे बड़ा पाप और क्या हो सकता है? सामूहिक रूप से हिंसा के उन्मूलन के लिए प्रयास करने होंगे।देश मे बाघ की संख्या करीब3346 के बीच है। पूरे विश्व मे भारत मे बाघ की संख्या सबसे ज्यादा है।इन पशुओ के साथ कोई दुर्व्यवहार नही करते है।यह टाइगर है।खुले में इनको रख नही सकते है।जो खुले में आवारा घूमते है,उन पशुओ के साथ उपेक्षा की जाती है। भारत मे लगभग 307.5 मिलिनीयम गाय की संख्या है।दूसरे नम्बर पर चीन है। भारत मे गाय को जितना सम्मान दिया जाता है। उसका दुनिया मे कही देश मे नही है।देश मे पशुक्रूरता के कानून बने हुए है। लेकिन चोरीछुपे गो तस्करी और कत्लखानों में गाय काटने की घटना सामने आती है। गाय पर अत्याचार किया जाता है। कई बार तो कसाई वीडियो बनाकर कर गाय के साथ क्रूरता करते है। यह नही होना चाहिए। यह पाप की श्रेणी में आता है।पशुओ पर अत्याचार करना घृणित कार्य है।देश में भैसों की संख्या 11 करोड़ तक पहुंच गई है।पशुपालन और डेयरी उधोग से 12 करोड़ लोग जुड़े है। पशुपालन और डेयरी उधोग से रोजगार उपलब्ध हो रहा है। लेकिन पशुजगत के साथ दुर्व्यवहार और उपेक्षा करना महापाप है। इससे छुटकारा पाने की कोशिश करनी चाहिए। कुते,बिल्ली या कोई अन्य जानवर के साथ भी हमे दुर्व्यवहार नही करना चाहिए। जैन फिलोसोफी में तो चींटी मारना भी महापाप बताया गया है। पशुओ के प्रति प्रेम सरंक्षण की भावना हर एक व्यक्ति में होनी चाहिए। आज गोधन की देश मे दुर्दशा हो रही है। सड़को पर आवारा घूमते पशुओ की देखभाल मालिक को अपनी जवाबदारी सम्भालते हुए करनी होगी। पशुओ के साथ उपेक्षा और दुर्व्यवहार यह पेचीदा मामला है।इसके लिए कूटनीति की जरुरत है।यह अक्सर देखा जाता है कि घर मे पालतुं जानवर की समय पर देखभाल नही की जाती है।

समाज मे यह अक्सर देखने मे आता है कि घर मे पालतू कुत्ते की किसी ने शिकायत की, तो मालिक जानवरो पर हमला करना और अबोल प्राणियों के साथ दुर्व्यवहार की घटना बनती है। यह स्वाभाविक रूप से गलत है।तीन दशकों से भी ज़्यादा समय से, एनिमल लीगल डिफेंस फ़ंड (ALDF) कानूनी व्यवस्था के ज़रिए जानवरों के जीवन की रक्षा और उनके हितों को आगे बढ़ाने के लिए संघर्ष कर रहा है। पशु कानून के उभरते क्षेत्र में एक प्रमुख शक्ति होने के अलावा, एएलडीएफ ने कई ऐतिहासिक फ़ैसले हासिल किए हैं जिनसे यह पुष्टि होती है कि जानवरों के बुनियादी अधिकार हैं, जिनमें उपेक्षा और क्रूर प्रयोगों से मुक्ति भी शामिल है। एएलडीएफ के राष्ट्रव्यापी कार्यक्रमों भी हो रहे है।पशुओ से किसानों को प्रत्यक्ष फायदा होता है।दूध, मांस और अंडे का उत्पादन जो आय का स्त्रोत है। किसानों को कृषि और जैविक सम्बंधित लाभ होता है। पर्यावरण के लिए लाभकारी है।देश के लिए आर्थिक विकास में योगदान देता है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूत करता है। 1960 में पशुक्रूरता अधिनियम लागू हुआ था। जानवरो को अनावश्यक पीड़ा या कष्ट पंहुचाने से और उनके प्रति हो रही क्रूरता को रोकने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। किसी पशु को पीटना,मारना,अंग-भंग करना आदि अपराधों को परिभाषित करता है। हमे ज्ञात हो कि पशुजगत पर अत्याचार करना क़ानूनन अपराध तो है ही,लेकिन यह शाश्त्रो में महापाप बताया गया है। अबोल पशुओं पर जुल्म करके हम अपने आप को और अपने परिवार को सुखी नही देख सकते है। पशु क्रूरता बच्चो के खिलाफ हिंसा का प्रवेश द्वार बन जाती है।

पशु के खिलाफ क्रूरता,दुर्व्यवहार और या उपेक्षा का कोई कृत्य किया जाता है तो समाज मे क्रूरता जांच के किसी भी अधिकारी को सूचित करें। पशुओ पर अत्यदिक हिंसक होना, वस्तुएं फेंकना या शारिरिक रूप से प्रताड़ित करना पशुजगत के प्रति नफरत के भाव पैदा करना,यह सभी पशु क्रूरता है।

जीवन मंत्र

## नदी के दो किनारे होते हैं पर हमारे काम तो वही किनारा आता है, जो हमारी ओर होता है

जीवन केवल कल्पनाओं और इच्छाओं पर नहीं चलता, बल्कि व्यावहारिकता पर आधारित होता है। जिस तरह हम केवल उसी किनारे से पानी ले सकते हैं, जो हमारे पास है, उसी प्रकार जीवन में हम केवल उन्हीं साधनों का लाभ उठा सकते हैं, जिन तक हमारी पहुँच है।

नदी के दो किनारे जीवन के दो पहलुओं की तरह होते हैं—एक पास और एक दूर। हम अक्सर उस किनारे को देखते हैं, जो हमारे सामने होता है और जिसके संसाधन हमें आसानी से उपलब्ध होते हैं। ठीक उसी तरह जीवन में भी अवसर और परिस्थितियाँ हमारे चारों ओर फैली रहती हैं, लेकिन हम उनका लाभ तभी उठा पाते हैं, जब वे हमारी पहुँच में हों। इस कहावत का मूल यही है कि जो चीज़ हमारे नज़दीक होती है, वही हमारे लिए उपयोगी सिद्ध होती है। चाहे दूसरी ओर का किनारा कितना ही हरा-भरा क्यों न हो, यदि हम वहाँ तक पहुँच नहीं सकते, तो वह हमारे जीवन में सीधा योगदान नहीं कर सकता। यह विचार हमें यह भी सिखाता है कि मनुष्य को अपने आसपास मौजूद साधनों, अवसरों और परिस्थितियों का महत्व समझना चाहिए। बहुत बार हम दूर की चीज़ों को लेकर सपने देखते हैं और सोचते हैं कि वही हमारे जीवन को संवार सकती हैं, लेकिन सच्चाई यह है कि जो संसाधन हमारे पास हैं, उन्हीं का उपयोग करके हम प्रगति कर सकते हैं। जैसे नाविक नदी पार करने से पहले अपने किनारे पर मौजूद नाव का उपयोग करता है, वैसे ही हमें भी अपने आसपास के अवसरों को पहचानना और उनका सदुपयोग करना चाहिए। केवल दूर की संभावनाओं के पीछे भागने



से हमें निराशा ही हाथ लगती है। इस कहावत में एक और गहरी शिक्षा छिपी है—यह हमें आत्मनिर्भरता का महत्व बताती है। जीवन में बहुत-सी परिस्थितियाँ ऐसी आती हैं, जब हमें लगता है कि दूसरी ओर की स्थिति बेहतर है, लेकिन हम भूल जाते हैं कि वास्तविक परिवर्तन वही ला सकता है, जो हमारे हाथ में है। हमारी सोच, हमारा प्रयास और हमारे निर्णय ही हमारे लिए उपलब्ध किनारे की तरह हैं, जिन्हें हम तुरंत काम में ला सकते हैं। इसलिए व्यक्ति को शिकायत करने के बजाय अपने पास मौजूद साधनों का पूरा उपयोग करना चाहिए।

साथ ही, यह कहावत व्यावहारिक दृष्टिकोण पर भी प्रकाश डालती है। जीवन केवल कल्पनाओं और इच्छाओं पर नहीं चलता, बल्कि व्यावहारिकता पर आधारित होता है। जिस तरह हम केवल उसी किनारे से पानी ले सकते हैं, जो हमारे पास है, उसी प्रकार जीवन में हम केवल उन्हीं साधनों का लाभ उठा सकते हैं, जिन तक हमारी पहुँच है। इसलिए हमें हमेशा व्यावहारिक रहकर उपलब्ध अवसरों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए और दूर की अनिश्चित संभावनाओं में उलझकर अपने वर्तमान को खोना नहीं चाहिए।

अंततः यह विचार हमें सिखाता है कि जीवन में सफलता और संतोष उसी से आता है, जो हमारे पास है और जिसे हम साध सकते हैं। दूसरे किनारे को देखने में समय व्यर्थ करने के बजाय, अपने किनारे पर मौजूद संसाधनों का सदुपयोग करना ही बुद्धिमानी है। जो व्यक्ति इस शिक्षा को समझकर चलता है, वह न केवल संतुलित जीवन जीता है बल्कि अपने प्रयासों से प्रगति के नए आयाम भी रचता है।

शख्सियत | रामचंद्र शुक्ल

## हिंदी साहित्य के एक भारतीय इतिहासकार



रामचंद्र शुक्ल (4 अक्टूबर 1884 – 2 फ़रवरी 1941), जिन्हें आचार्य शुक्ल के नाम से बेहतर जाना जाता है, हिंदी साहित्य के एक भारतीय इतिहासकार थे। उन्हें अल्प संसाधनों के साथ व्यापक, अनुभवजन्य शोध का उपयोग करके वैज्ञानिक प्रणाली में हिंदी साहित्य के इतिहास का पहला संहिताकार माना जाता है।

आचार्य रामचंद्र शुक्ल का जन्म 4 अक्टूबर 1884 को बस्ती ज़िले के एक धनी सरयूपारीण ब्राह्मण परिवार में हुआ था। उनके पिता चंद्रबली शुक्ल उस समय राजस्व निरीक्षक (कानूनगो) थे। मिर्ज़ापुर मिशन स्कूल से हाई स्कूल की पढ़ाई पूरी करने से पहले उन्होंने घर पर ही योग्य शिक्षकों से हिंदी, अंग्रेज़ी और उर्दू सीखी और फिर आगे की पढ़ाई के लिए प्रयागराज (तत्कालीन इलाहाबाद) आकर अपनी पढ़ाई जारी रखी; उसके बाद उन्होंने अपनी बहुमूल्य साहित्यिक कृतियों और अनुभवी जानकारियों का लेखन और प्रकाशन किया।

शुक्ल की कृतियाँ छठी शताब्दी से हिंदी कविता और गद्य की उत्पत्ति और बौद्ध तथा नाथ सम्प्रदायों के माध्यम से इसके विकास, अमीर खुसरो, कबीरदास, रविदास, तुलसीदास के मध्ययुगीन योगदान तथा निराला और प्रेमचंद के आधुनिक यथार्थवाद तक का वर्णन करती हैं।

शुक्ल जी के अपने मूल्यांकन (आचार्य रामचंद्र शुक्ल और हिंदी आलोचना) में प्रख्यात आलोचक डॉ. रामविलास शर्मा इस तथ्य पर बल देते हैं कि महान लेखक ने सामंती और दरबारी साहित्य का विरोध किया क्योंकि यह आम लोगों के जीवन और समकालीन समाज की सच्ची तस्वीर पेश नहीं करता था।

उनकी साहित्यिक आलोचना कृतियों में ₹कविता क्या है₹ शामिल है, जो उनके उत्कृष्ट संग्रह चिंतामणि में कविता और काव्यशास्त्र की व्याख्या करने वाला सबसे अधिक पढ़ा जाने वाला निबंध है। यह संग्रह शुरू में क्रोध और घृणा जैसी भावनाओं पर निबंधों के संग्रह के रूप में दो खंडों में प्रकाशित हुआ था। हाल ही में उनके बिखरे हुए और अप्रकाशित निबंध खोजे गए हैं और नामवर सिंह द्वारा संपादित चिंतामणि-3 और कुसुम चतुर्वेदी द्वारा संपादित चिंतामणि-4 के रूप में प्रकाशित हुए हैं।

हिंदी भाषियों की विश्वदृष्टि को समृद्ध करने के लिए, आचार्य शुक्ल ने एडविन अर्नोल्ड की पुस्तक द लाइट ऑफ एशिया का बुद्ध चरित (बृजभाषा पद्य में गौतम बुद्ध की जीवनी) में अनुवाद किया और जर्मन विद्वान अर्नस्ट हेकेल की प्रसिद्ध कृति द रिडल्स ऑफ यूनिवर्स का विश्व प्रपंच में अनुवाद किया, जिसमें उन्होंने भारतीय दार्शनिक प्रणालियों के साथ इसके निष्कर्षों की तुलना करके अपनी विचारोत्तेजक प्रस्तावना जोड़ी।

ये रचनाएँ इस बात का प्रतीक हैं कि उन्होंने स्वयं को हिंदी भाषा, साहित्य और चिंतन के अग्रणी आधुनिकीकरणकर्ता तक ही सीमित नहीं रखा। वे विज्ञान और इतिहास की कृतियों का अनुवाद और अद्यतनीकरण करके वैज्ञानिक दृष्टिकोण के निर्माण में संलग्न रहे। अनेक शताब्दियों के साहित्यिक कृतियों को उस युग की सामाजिक-आर्थिक और राजनीतिक परिस्थितियों की रचनाओं के रूप में जाँचने हेतु एक वैज्ञानिक पद्धति विकसित करने में, आचार्य शुक्ल एक पथप्रदर्शक रहे।

उनके विचार में सच्चा साहित्य केवल मानव चेतना की अभिव्यक्ति नहीं है, बल्कि लोकमंगल की अवधारणा है, जो समाज की प्रगति को परिभाषित करती है, जहां आम लोग सर्वोच्च हैं और उनके कष्टों को सुधार के उद्देश्य के रूप में समझा जाता है। साहित्य को सौंदर्यशास्त्र के माध्यम से दलितों और वंचितों के दर्द/दुख को संबोधित करना चाहिए और सभी प्रकार के शोषण से मानव मुक्ति के लिए काम करना चाहिए।

जीवन ऊर्जा

संध्या मुखर्जी : जन्म - 4 अक्टूबर 1931 | जन्म

## सच्चा सम्मान कर्म और निष्ठा में है

गीताश्री संध्या मुखर्जी (4 अक्टूबर 1931 - 15 फ़रवरी 2022) एक भारतीय पार्श्व गायिका और संगीतकार थीं, जो बंगाली संगीत में विशेषज्ञता रखती थीं। उन्हें 2011 में भारतीय राज्य पश्चिम बंगाल का सर्वोच्च नागरिक सम्मान बंगा विभूषण मिला। उन्होंने 1970 में जय जयंती और निशि पद्मा फ़िल्मों में अपने गीतों के लिए सर्वश्रेष्ठ महिला पार्श्व गायिका का राष्ट्रीय फ़िल्म पुरस्कार भी जीता।

सच्चा सम्मान केवल बाहरी पुरस्कारों, पदों, नाम या सामाजिक मान्यता में नहीं निहित होता, बल्कि यह व्यक्ति के कर्मों और उन कर्मों में दिखाई गई निष्ठा में छिपा होता है, जो उसने पूरे समर्पण और ईमानदारी के साथ किए हों। अक्सर लोग मान लेते हैं कि सम्मान और प्रतिष्ठा केवल पद, नाम या किसी बड़े सम्मान से मिलती है, जबकि वास्तविकता इसके बिल्कुल विपरीत है। किसी भी व्यक्ति की महानता उसकी कार्यकुशलता, उसके प्रयास, उसकी नैतिकता और विशेष रूप से उसके कर्मों में दिखाई गई निष्ठा से तय होती है। निष्ठा केवल कर्म करने की प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह उस भाव और दृष्टिकोण का प्रतीक है,



जिससे व्यक्ति अपने कर्तव्यों का पालन करता है। चाहे वह कार्य कितना भी छोटा, सामान्य या दैनिक जीवन से संबंधित क्यों न हो, अगर उसे निष्ठा, ईमानदारी, समर्पण और सेवा भाव के साथ किया गया हो, तो वह व्यक्ति अपने आप में सम्मानित और समाज के लिए प्रेरणा बन जाता है। इस संदर्भ में, एक शिक्षक, डॉक्टर, किसान, कलाकार या कोई भी साधारण व्यक्ति, जो अपने कार्यों में पूरी निष्ठा और ईमानदारी दिखाता है, समाज में उसी के कारण सम्मान और प्रतिष्ठा प्राप्त करता है, न कि केवल बाहरी पुरस्कारों या पदनामों से।

निष्ठा का अर्थ है अपने कर्मों में स्थिरता और सच्चाई बनाए रखना, अपने मूल्यों और आदर्शों के प्रति दृढ़ रहना। आज के समय में जब अधिकतर लोग तात्कालिक लाभ, व्यक्तिगत स्वार्थ और दिखावे के पीछे भागते हैं, ऐसे में अपने सिद्धांतों के प्रति निष्ठावान रहना और अपने कर्तव्यों का पालन करना अत्यंत मूल्यवान गुण बन जाता है।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



## जीवन बस एक अल्पकालिक यात्रा है

मानव जीवन क्षणभंगुर है। यह मात्र कुछ पलों का ही तो खेल है—आज है, कल नहीं। यही कारण है कि हमारे शास्त्रों और संतों ने बार-बार समय के महत्व पर बल दिया है। समय से अधिक मूल्यवान इस संसार में और कुछ नहीं। धन, पद, यश या ऐश्वर्य—ये सब जीवन में बार-बार मिल सकते हैं, लेकिन एक क्षण भी लौटकर वापस नहीं आता। इसीलिए जो मनुष्य समय के मूल्य को समझ लेता है, वह कभी इसका दुरुपयोग नहीं करता। सच तो यह है कि जीवन और समय, दोनों ही ईश्वर के अनमोल उपहार हैं। यदि हम इन्हें व्यर्थ गँवा दें, तो इसमें दोष परमात्मा का नहीं, बल्कि हमारी नासमझी और लापरवाही का है।



पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो। नं। 9425980556

परमात्मा ने इस मानव जीवन को लाखों योनियों के पश्चात प्रदान किया है। यह केवल एक देह या भौतिक अस्तित्व नहीं, बल्कि एक अवसर है—सर्वश्रेष्ठ बनने का, दिव्यता को पहचानने का, और संसार में सच्ची सेवा का। अगर परमात्मा ने सिर्फ खाने-पीने, प्रजनन करने और विषय-वासना में उलझने के लिए ही यह जीवन दिया होता, तो मनुष्य और पशु में कोई भेद ही न होता। हमें निःशुल्क प्राणवायु दी गई है, सूर्य का प्रकाश और जल दिया गया है, ताकि हम इस जगत रूपी उद्यान को संवारें, न कि इसे उजाड़ें। मनुष्य दरअसल इस सृष्टि का ₹कुशल माली₹ है, जिसे यह जिम्मेदारी दी गई है कि वह जीवन को, प्रकृति को और इस संसार को संतुलित और सुंदर बनाए रखे।

परंतु विडंबना यह है कि मनुष्य अपनी असली पहचान को भूलकर सांसारिक मोह-माया, लोभ, लालसा, भोग और वासनाओं में उलझ जाता है। वह समय को क्षणिक सुख-साधनों की पूर्ति में गँवा देता है। परिणामस्वरूप, जीवन की संध्या आते-आते उसे अहसास होता है कि उसने न तो आत्मिक उन्नति की, न ही कुछ शाश्वत अर्जित किया। वह जिस दुर्लभ अवसर को परमात्मा की भक्ति और सेवा के लिए पाना चाहिए था, उसे व्यर्थ कर देता है। यही कारण है कि मानव जीवन बार-बार 'मुक्ति का द्वार' होते हुए भी संसार के बोझ तले दबकर अधूरा रह जाता है।



वास्तव में मानव जीवन का उद्देश्य बहुत बड़ा और दिव्य है। यह जीवन केवल व्यक्तिगत सुख-सुविधाओं तक सीमित नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता, प्रकृति और विश्व की भलाई के लिए है। मनुष्य परमात्मा की छवि है, उसकी क्षमताएँ मनुष्य के भीतर ही छिपी हुई हैं। बस जरूरत है उन्हें पहचानने और विकसित करने की। यदि हम परमात्मा से सच्चा प्रेम करें, उसका भजन-कीर्तन करें, जीव-जंतुओं और प्रकृति की सेवा करें, और इस संसार को बेहतर बनाने का प्रयास करें, तो यही जीवन सार्थक होगा। लेकिन यदि हम इसे विषय-वासना, भौतिकता और मोह-माया में गँवा दें, तो यह न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि आत्मा के विकास के मार्ग में सबसे बड़ी बाधा भी है।

इसलिए, हमें चाहिए कि हर क्षण को अमूल्य समझें, हर दिन को ईश्वर का उपहार मानें, और जीवन को सच्ची साधना, सेवा और प्रेम का साधन बनाएँ। जब हम यह समझ लेंगे कि यह जीवन वास्तव में ₹चंद पलों₹ का है, तो हम न तो इसे व्यर्थ गँवाएँगे और न ही तुच्छ इच्छाओं में खो देंगे। तभी यह दुर्लभ मानव जीवन वास्तव में सफल, सार्थक और मुक्ति का साधन बन पाएगा।

अपने विचार



तेजस्वी छोटे भाई हैं तो उनको इसका ख्याल रखना चाहिए। उन्हें राम और लक्ष्मण के अंतर को भी समझना चाहिए। कौन राम है और कौन लक्ष्मण है इसे उन्हें समझना चाहिए। हो सकता है कि जयचंद उन्हें समझा रहा होगा लेकिन अपने बुद्धि विवेक का इस्तेमाल करना चाहिए।

-**तेज प्रताप यादव**, जनशक्ति जनता दल



कमलताई गवई आंबेडकरवादी हैं और वह संघ के झांसे में नहीं आईं। 'संघ के झांसे में नहीं फंसने के लिए मैं कमलताई गवई और उनके परिवार को शुभकामनाएं देता हूं।

-**संजय राउत**,नेता,शिवसेना(यूबीटी)



भाजपा और आरएसएस वाले लोग, जो दिन-रात जातीय जनगणना की खामियां बताते थे, उसके विरोध में बयान देते थे। उनसे ही हमने राजनीतिक और सामाजिक दबाव डाल पूरे देश में जातीय जनगणना करवाने की घोषणा करवा दी। हालांकि उनकी मंशा और क्रियान्वयन पर संदेह है।

-**तेजस्वी यादव**, नेता, आरजेडी



जिस कंपनी की औकात ही एक लाख थी, उसने जन सुराज पार्टी को दो करोड़ रुपये का चंदा कैसे दे दिया। चुनाव में राजनीतिक लाभ लेने का मौका नहीं दिया जाएगा, समय पर सब होगा।

-**सम्राट चौधरी**, डिप्टीसीएम, बिहार

अपने विचार
डीबीडी कार्यालय
ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के.के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001
indiagroundreport@gmail.com
भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुण लाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित. फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com **कार्यकारी संपादक :** अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए ज़िमेदार).

## ब्रीफ न्यूज़

### श्री दुर्गा माता मंदिर पर भव्य भंडारा संपन्न




ठाणे। श्री दुर्गा माता सेवा संस्था की ओर से तीनहाथ नाका स्थित आरटीओ परिसर में शारदीय नवरात्रि के अवसर पर नौ दिनों तक महिला मंडल द्वारा देवी गीत पचरा का आयोजन किया गया। 2 अक्टूबर की शाम महाआरती के साथ नवदुर्गा के रूप में नौ कन्याओं का पूजन कर महाप्रसाद वितरण किया गया, जो देर रात तक चलता रहा। इस दौरान मंदिर परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। नवरात्रि कार्यक्रम के अंतर्गत मंदिर में प्रत्येक शनिवार को सुन्दरकांड पाठ और भजन संध्या का आयोजन किया जाता है। इस बार भजन गायक नागेंद्र शर्मा, लकी मिश्रा और उनके सहयोगी कलाकारों ने संगीतमय प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। ढोल और कोरस की संगत ने वातावरण को भक्ति रस से भर दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कई पत्रकारों, समाजसेवियों और महिला भक्तों ने सक्रिय सहयोग दिया। मंदिर के संस्थापक अध्यक्ष अरविंद तिवारी ने सभी भक्तों का आभार व्यक्त करते हुए उनके जीवन में सुख-शांति की कामना की।

### दिवाली और छठ पर चलेगी बांद्रा-बढ़नी स्पेशल ट्रेन

मुंबई। पश्चिम रेलवे ने यात्रियों की सुविधा और त्योहारों के दौरान बढ़ती मांग को देखते हुए बांद्रा टर्मिनस से बढ़नी स्टेशन के बीच विशेष किराए पर स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन साप्ताहिक होगी और कुल 16 फेरे लगाएगी। ट्रेन संख्या 05034 बांद्रा टर्मिनस से हर शनिवार सुबह 9:30 बजे प्रस्थान कर अगले दिन रात 10:15 बजे बढ़नी पहुंचेगी। वहीं, ट्रेन संख्या 05033 हर गुरुवार रात 9:30 बजे बढ़नी से रवाना होकर शनिवार सुबह 6:30 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी।

यह विशेष ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, वापी, वलसाड, सूरत, वडोदरा, रतलाम, कोटा, बयाना, ईदगाह आगरा, टूंडला, इटावा, कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बादशाह नगर, गोंडा और बलरामपुर स्टेशनों पर रुकेगी। यात्रियों की सुविधा के लिए इसमें स्लीपर क्लास और जनरल सेकेंड क्लास के डिब्बे होंगे। यह सेवा 9 अक्टूबर से 29 नवंबर 2025 के बीच उपलब्ध रहेगी।

### ठाणे में सफाई कर्मचारियों के लिए हेपेटाइटिस-बी टीकाकरण अभियान



ठाणे। ठाणे मनपा के ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विभाग और गुरुकृपा फाउंडेशन ने स्वच्छता ही सेवा पहल के तहत सफाई कर्मचारियों के लिए हेपेटाइटिस-बी टीकाकरण अभियान शुरू किया है। वर्तकनगर स्थित डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर भवन में आयोजित पहले सत्र में 70 कर्मचारियों को टीके लगाए गए। अधिकारियों के अनुसार, चरणबद्ध तरीके से करीब 4,500 सफाई कर्मचारियों का टीकाकरण किया जाएगा। यह अभियान कर्मचारियों को जैव-चिकित्सा अपशिष्ट के संक्रमण से बचाने के लिए चलाया जा रहा है।

# 5 अक्टूबर को मध्य रेल पर मेगा ब्लॉक

## भायखला स्टेशन पर डीएसएस पॉइंट के रूपांतरण लॉन्चिंग के लिए विशेष यातायात ब्लॉक

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मध्य रेल, मुंबई मंडल ने 05 अक्टूबर 2025 को विभिन्न इंजीनियरिंग और रखरखाव कार्यों के लिए उपनगरीय खंडों पर मेगा ब्लॉक घोषित किया है। यह ब्लॉक अलग-अलग रूटों और समय अवधि में लागू रहेगा।

### माटुंगा–मुलुंड स्लो लाइन पर ब्लॉक

सुबह 11.05 बजे से दोपहर 3.55 बजे तक माटुंगा और मुलुंड के बीच अप और डाउन स्लो लाइनों पर ब्लॉक रहेगा। इस दौरान, 10.14 बजे से 3.32 बजे तक सीएसएमटी से चलने वाली डाउन स्लो लाइन की गाड़ियां फास्ट लाइन पर डायवर्ट की जाएंगी और गंतव्य पर 15 मिनट देरी से पहुँचेंगी।

### अप स्लो लाइन सेवाओं में बदलाव

ठाणे से सुबह 11.07 बजे से दोपहर 3.51 बजे तक प्रस्थान करने वाली अप स्लो लाइन की सेवाओं को मुलुंड से माटुंगा के बीच फास्ट लाइन पर चलाया जाएगा। ये गाड़ियां निर्धारित स्टेशनों पर रुकेंगी और गंतव्य तक पहुँचने में लगभग 15 मिनट की देरी होगी।

### विशेष ट्रेनें और उपलब्ध सेवाएँ

ब्लॉक अवधि के दौरान सीएसएमटी मुंबई–वाशी सेक्शन पर विशेष ट्रेनें चलाई जाएँगी। वहीं पोर्ट लाइन की सेवाएँ ब्लॉक अवधि में नियमित रूप से जारी रहेंगी।

### ट्रांस-हार्बर लाइन सेवाओं पर असर




पनवेल से 11.02 बजे से 3.53 बजे तक चलने वाली अप ट्रांस–हार्बर सेवाएँ और ठाणे से 10.01 बजे से 3.20 बजे तक चलने वाली डाउन ट्रांस–हार्बर सेवाएँ रद्द रहेंगी। हालांकि, ठाणे–वाशी/नेरुल के बीच सेवाएँ ब्लॉक अवधि में उपलब्ध रहेंगी।

### भायखला स्टेशन पर विशेष ब्लॉक

04/05 अक्टूबर (शनिवार/रविवार रात) को भायखला में डीएसएस पॉइंट कन्वर्जन हेतु विशेष ब्लॉक लिया जाएगा। परेल (छोड़कर) से भायखला (सहित) के बीच अप फास्ट लाइन पर यह ब्लॉक रात 12.30 बजे से सुबह 4.30 बजे तक रहेगा। इस दौरान, भुवनेश्वर–सीएसएमटी कोणार्क एक्सप्रेस (11020) और हावड़ा–सीएसएमटी एक्सप्रेस (12810) का शॉर्ट टर्मिनेशन दादर स्टेशन पर किया जाएगा।

### हार्बर लाइन पर असर

पनवेल और वाशी स्टेशनों के बीच अप और डाउन हार्बर लाइनों (पोर्ट लाइन को छोड़कर) पर सुबह 11.05 बजे से शाम 4.05 बजे तक ब्लॉक रहेगा। इस दौरान कई सेवाएं प्रभावित होंगी।

### अप और डाउन हार्बर लाइन सेवाएँ रद्द

पनवेल से सुबह 10.33 बजे से 3.49 बजे तक सीएसएमटी की ओर जाने वाली अप सेवाएँ और सीएसएमटी से सुबह 9.45 बजे से 3.12 बजे तक बेलापुर/पनवेल की ओर जाने वाली डाउन सेवाएँ पूरी तरह रद्द रहेंगी।

# दिवाली पर यात्रियों के लिए 30 विशेष ट्रेनें

## पुणे-दानापुर-सुपौल एक्सप्रेस संशोधित ट्रेन संख्या के साथ चलेगी

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

रेलवे ने आगामी दिवाली त्योहार सीजन को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए 30 अतिरिक्त विशेष ट्रेनों की घोषणा की है। इसमें लंबी दूरी की साप्ताहिक ट्रेनें और अनारक्षित विशेष सेवाएं शामिल हैं। इन ट्रेनों का संचालन अक्टूबर माह में किया जाएगा, ताकि त्योहार पर घर जाने वाले यात्रियों को सुविधा मिल सके।

### संशोधित ट्रेन नंबरों के साथ सेवा

इसके अलावा, पुणे–दानापुर–सुपौल एक्सप्रेस का नंबर भी बदला गया है। अब यह ट्रेन 4 दिसंबर 2025 से नई संख्या 11401 (पुणे–दानापुर–सुपौल) और 11402 (सुपौल–दानापुर–पुणे) के साथ चलेगी। रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि वे इन विशेष सेवाओं का लाभ उठाएँ और यात्रा से पहले समय सारणी की जानकारी वेबसाइट या NTES ऐप से प्राप्त करें।

### एलटीटी-मडगाँव और पनवेल-चिपलून विशेष ट्रेनें

एलटीटी–मडगाँव–एलटीटी साप्ताहिक विशेष (6 सेवाएँ) लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 6, 13 और 20 अक्टूबर को चलेगी, जबकि मडगाँव से इसकी सेवा 5, 12 और 19 अक्टूबर को होगी। वहीं, पनवेल–चिपलून–पनवेल अनारक्षित विशेष ट्रेन (24 सेवाएँ) 3 अक्टूबर से 26 अक्टूबर तक हर शुक्रवार, शनिवार और रविवार को चलेगी। इसमें यात्रियों को यूटीएस प्रणाली के माध्यम से सामान्य किराए पर टिकट मिल सकेगा।

## बीदर-बेंगलुरु छावनी के बीच चलेगी विशेष ट्रेन



सोलापुर। भारतीय रेल ने बीदर और बेंगलुरु छावनी के बीच विशेष ट्रेनों के संचालन की घोषणा की है। ये ट्रेनें यात्रियों की सुविधा के लिए चलाई जा रही हैं और सोलापुर मंडल के कलबुरगि एवं शहाबाद स्टेशनों पर ठहराव करेंगी।

### ट्रेन का समय और संरचना

07063 विशेष ट्रेन 4 अक्टूबर 2025 को दोपहर 2:40 बजे बीदर से रवाना होगी और अगले दिन सुबह 5 बजे बेंगलुरु छावनी पहुँचेगी। वहीं 07064 विशेष ट्रेन 5 अक्टूबर को रात 10:30 बजे बेंगलुरु छावनी से चलेगी और अगले दिन दोपहर 2:40 बजे बीदर पहुँचेगी। इन ट्रेनों में एसी, स्लीपर और सामान्य श्रेणी समेत कुल 24 कोच होंगे। रास्ते में हुमनाबाद, कमलापुर, कलबुरगि, शहाबाद, यादगिर, रायचूर, मंत्रालयम रोड, अदोनी, गुंतकल, अनंतपुर, धर्मवरम और येलहंका पर भी ठहराव होगा।

## कल्याण शील राजमार्ग पर जाम की समस्या को लेकर सीएम से मुलाकात

- सुभाष भोईर ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को सौंपा पत्र, त्वरित समाधान की मांग
- हर दिन दो से ढाई घंटे तक जाम में फंसे रहते हैं यात्री

डीबीडी संवाददाता | कल्याण



कल्याण ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र से गुजरने वाले कल्याण शील राजमार्ग पर प्रतिदिन भीषण जाम लगना आम बात हो गई है। इस वजह से कर्मचारियों, छात्रों, महिलाओं, व्यापारियों और वरिष्ठ नागरिकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों को रोज़ाना दो से ढाई घंटे जाम में बिताने पड़ते हैं, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

### पूर्व विधायक ने सीएम को सौंपी मांगपत्र

जाम की गंभीर समस्या को देखते हुए कल्याण ग्रामीण के पूर्व विधायक सुभाष भोईर ने मंगलवार को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात की और लिखित पत्र सौंपकर तत्काल समाधान की मांग की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए संबंधित विभागों को तुरंत निर्देश देने की बात कही।

### कई प्रमुख मार्गों पर भारी यातायात दबाव

कल्याण शील राजमार्ग पर कल्याणफाटा से पत्रीपूल, नवी मुंबई से महापे रोड और पुराने मुंबई–पुणे राजमार्ग के वाई जंक्शन से कल्याणफाटा तक बड़े पैमाने पर जाम लगता है। इस वजह से यात्रियों और स्थानीय नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

### व्यवसाय ठप, नागरिकों में आक्रोश

लगातार लगने वाले जाम के चलते व्यापार–व्यवसाय पर भी प्रतिकूल असर पड़ा है। छोटे व्यापारी और कारोबारी नुकसान झेल रहे हैं। इसी कारण स्थानीय नागरिकों में भारी आक्रोश है और सरकार से जल्द से जल्द समाधान की उम्मीद की जा रही है।

### एम्बुलेंस तक फंस रहीं, नागरिकों का जीवन संकट में

इस राजमार्ग से रोजाना बड़ी संख्या में कामगार और व्यापारी नवी मुंबई के औद्योगिक क्षेत्र और मुंबई के लिए आवागमन करते हैं। जाम की स्थिति इतनी गंभीर है कि एम्बुलेंस भी घंटों तक फंसी रहती हैं, जिससे मरीजों की जान पर खतरा मंडराने लगता है।

## मराठी भाषा संरक्षण का संदेश



कल्याण। कल्याण में अभिजात मराठी भाषा दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में प्रख्यात साहित्यकार प्रा. प्रवीण दवणे ने कहा कि मराठी भाषा अमृत का भंडार है और इसे संरक्षित रखना प्रत्येक नागरिक की ज़िम्मेदारी है। उन्होंने मराठी साहित्य और संत परंपरा के उदाहरण देते हुए समझाया कि भाषा को यदि समय रहते सुरक्षित नहीं किया गया तो इसकी सुंदरता लुप्त हो जाएगी। इस अवसर पर महापालिका आयुक्त अभिनव गोयल ने वाचन संस्कृति को प्रोत्साहित करने का सुझाव दिया, वहीं अन्य अधिकारियों और साहित्यप्रेमियों ने मराठी भाषा की समृद्ध विरासत पर विचार साझा किए।

## पत्रकार सुरक्षा परिषद के राष्ट्रीय महासचिव बने वरिष्ठ पत्रकार स्वतंत्र कुमार

डीबीडी संवाददाता | मुंबई



पत्रकारों के अधिकारों और सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय स्तर पर काम करने वाली संस्था राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद (रजि.) ने वरिष्ठ पत्रकार स्वतंत्र कुमार को राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किया है। यह नियुक्ति राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र कुमार मिश्रा द्वारा की गई। उन्होंने भरोसा जताया कि स्वतंत्र कुमार निष्पक्षता, ईमानदारी, निडरता और संगठनात्मक दक्षता के साथ परिषद को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे।

### पत्रकारों की सुरक्षा और अधिकारों के लिए प्रतिबद्धता

नव–नियुक्त राष्ट्रीय महासचिव स्वतंत्र कुमार ने कहा कि वे राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र कुमार मिश्रा के नेतृत्व में पत्रकारों की सुरक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए पूरी निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ काम करेंगे। उन्होंने संगठन को मजबूत बनाने और पत्रकारों के मुद्दों को राष्ट्रीय स्तर पर उठाने का संकल्प लिया।

### संगठन से जुड़े पत्रकारों ने जताई खुशी

स्वतंत्र कुमार की नियुक्ति पर उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, मुंबई, राजस्थान, गुजरात सहित कई राज्यों में पत्रकारों ने प्रसन्नता जताई। जौनपुर इकाई के जिला प्रभारी संजय सिंह, जिलाध्यक्ष तामीर हसन, जिला उपाध्यक्ष इज़हार हुसैन, महासचिव मनीष श्रीवास्तव, विधिक सलाहकार अमित तिवारी, आईटी सेल प्रभारी मोहम्मद अल्ताफ सहित अन्य पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई दी और उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में संगठन को नई दिशा और मजबूती मिलेगी।

## ज़हीर ख़ान ने किया श्री साईबाबा समाधि का दर्शन



शिरडी। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व खिलाड़ी ज़हीर ख़ान ने परिवार के साथ शिर्डी में श्री साईबाबा समाधि का दर्शन किया, जहां श्री साईबाबा संस्थान के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गोरक्ष गाडिलकर ने उनका सत्कार किया और इस अवसर पर संस्थान के जनसंपर्क अधिकारी दीपक लोखंडे भी मौजूद रहे।

# संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन

## प्रधान मुख्य विद्युत इंजीनियर ने सुरक्षित रेल परिचालन के महत्व पर प्रकाश डाला

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मध्य रेल, मुंबई मंडल के ट्रैक्शन रोलिंग स्टॉक परिचालन विभाग द्वारा 3 अक्टूबर 2025 को छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस सभागार में ₹सिग्नल पासिंग एट डेंजर (SPAD)₹ की रोकथाम पर संरक्षा संगोष्ठी आयोजित की गई। इस अवसर पर प्रधान मुख्य विद्युत इंजीनियर (PCEE) अनूप कुमार अग्रवाल, प्रधान मुख्य संरक्षा अधिकारी (PCSO) चंद्र किशोर प्रसाद और मंडल रेल प्रबंधक (DRM) हिरेश मीना सहित मुख्यालय एवं मंडल के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। लगभग 300 रनिंग स्टाफ और मंडल मुख्य लोको निरीक्षक इस संगोष्ठी में शामिल हुए।

### विशेषज्ञों ने साझा किए विचार



संगोष्ठी के दौरान सुरक्षित ट्रेन परिचालन, एसपीएडी की रोकथाम और असामान्य घटनाओं की स्थिति में रनिंग स्टाफ की भूमिका पर चर्चा की गई। अनूप कुमार अग्रवाल ने सिग्नल लोकेशन अनाउंसमेंट सिस्टम (SILAS), फॉग सेफ डिवाइस (FSD) और चालक दल को बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराने पर जोर दिया। चंद्र किशोर प्रसाद ने सिग्नल पास करने की उंगली से इशारा (फिंगर पॉइंटिंग) और कॉलिंग तकनीक के महत्व पर बल दिया। वहीं, DRM हिरेश मीना ने रनिंग स्टाफ की भूमिका की सराहना करते हुए "मिशन जीरो SPAD" पर ध्यान केंद्रित करने की बात कही।

### निवारक उपायों और संवाद पर जोर

मुख्य विद्युत इंजीनियर (ओपी) संजय सिंह ने निवारक उपायों और सिग्नल पहलुओं के अनुसार सावधानीपूर्वक गति बनाए रखने की आवश्यकता बताई। अपर मंडल रेल प्रबंधक (संचालन/संरक्षा) एम. एल. विश्नोई ने ड्यूटी से पहले पर्याप्त आराम को आवश्यक बताया और एक इंटरैक्टिव प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया।

### स्वच्छता अभियान में मध्य रेल की भागीदारी

सुरक्षित संचालन के साथ–साथ मध्य रेल सामाजिक जिम्मेदारियों पर भी ध्यान केंद्रित कर रहा है। विशेष अभियान 5.0 (2–31 अक्टूबर 2025) के अंतर्गत स्वच्छता पखवाड़ा चलाया जा रहा है, जिसमें ई–कचरे के निपटान, कार्यस्थल सौंदर्यीकरण, हरित पहल और डिजिटलीकरण पर जोर दिया गया है।




## 12 राशिफल में देखें अपना दिन

**मेष** दूर से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है, प्रयास करें। यात्रा मनोरंजक रहेगी। सामाजिक कार्य करने की इच्छा जागृत होगी। व्यापार ठीक चलेगा। परिवार के साथ समय सुखमय व्यतीत होगा। प्रसन्नता बनी रहेगी।

**वृष** वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। कानूनी अड़चन दूर होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। मनोरंजन के साधन प्राप्त होंगे। तीर्थदर्शन की योजना बनेगी। धर्म–कर्म में रुचि रहेगी। घर–बाहर प्रसन्नता रहेगी।

**मिथुन** चोट व दुर्घटना से हानि संभव है। जल्दबाजी व लापरवाही भारी पड़ सकती है। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। हल्की हंसी–मजाक न करें। विवाद हो सकता है। किसी व्यक्ति की नाराजी से मन खराब होगा। मित्रों तथा रिश्तेदारों का सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी।

**कर्क** बुद्धि का प्रयोग किसी भी समस्या का निवारण कर सकता है, यह याद रखें। किसी प्रभावशाली व्यक्ति का मार्गदर्शन व सहयोग प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। मित्रों का सहयोग व साथ मिलेगा। भाइयों से मतभेद दूर होंगे। व्यापार ठीक चलेगा।

**सिंह** लेन–देन में जल्दबाजी न करें। समय अनुकूल है। कोई आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलने से खिन्नता रहेगी। योजना फलीभूत होगी। कार्यस्थल पर परिवर्तन हो सकता है। मित्रों के साथ समय मनोरंजक बीतेगा।

**कन्या** स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। बनते काम बिगड़ सकते हैं। तनाव रहेगा। व्यापार ठीक चलेगा। यात्रा में विशेष सावधानी रखें। किसी भी व्यक्ति के उकसाने में न आएं। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा।

**तुला** बुरी खबर प्राप्त हो सकती है। दौड़धूप अधिक होगी। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। काम में मन नहीं लगेगा। बाहर जाने की योजना बनेगी। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। परिवार के साथ समय मनोरंजन में व्यतीत होगा।

**वृश्चिक** पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। मनोरंजन का समय मिलेगा। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। मनपसंद भोजन का आनंद मिलेगा। कारोबारी वृद्धि की योजना बनेगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। समय की अनुकूलता रहेगी।

**धनु** थकान व कमजोरी रह सकती है। खान–पान पर ध्यान दें। घर–परिवार की चिंता बनी रहेगी। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी प्रभावशाली व्यक्ति का मार्गदर्शन व सहयोग प्राप्त होगा। मान–सम्मान मिलेगा। मित्रों की सहायता करने का मौका मिलेगा।

**मकर** विवाद को बढ़ावा न दें। हल्की हंसी–मजाक करने से बचें। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। आत्मसम्मान बनेगा। भूले–बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। नए मित्र बनेंगे। कोई बड़ा कार्य करने की इच्छा जागृत होगी। यात्रा मनोरंजक रहेगी।

**कुंभ** उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति पर व्यय होगा। व्यापार लाभदायक रहेगा। कोई बड़ा कार्य होने से प्रसन्नता रहेगी। दूसरों के काम में दखल न दें। मित्रों के साथ समय मनोरंजक व्यतीत होगा।

**मीन** वाणी पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवेक से कार्य करें। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड से लाभ होगा। स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। समय की अनुकूलता का लाभ लें। मित्रों के साथ अच्छा समय बीतेगा।

## नाखून चबाने की आदत से बिगड़ते हैं स्वास्थ्य और अशांत होते हैं ग्रह




नाखून चबाना एक साधारण-सी आदत लगती है, लेकिन इसका असर न केवल आपके स्वास्थ्य पर पड़ता है बल्कि ज्योतिषीय दृष्टि से यह आदत आपके ग्रहों पर भी नकारात्मक प्रभाव डालती है। बहुत से लोग तनाव, चिंता या बोरियत में नाखून चबाने लगते हैं, लेकिन यह आदत धीरे-धीरे शरीर और भाग्य दोनों को प्रभावित करने लगती है। ज्योतिष के अनुसार, नाखून चबाने की आदत का सीधा असर सूर्य ग्रह पर पड़ता है। सूर्य हमारे आत्मविश्वास, ऊर्जा, नेतृत्व क्षमता और करियर की दिशा को नियंत्रित करता है। अगर कोई व्यक्ति लगातार नाखून चबाता है तो उसके सूर्य ग्रह की शक्ति कमजोर होने लगती है। इसका परिणाम यह होता है कि उस व्यक्ति का आत्मविश्वास कम हो जाता है, निर्णय लेने में कठिनाई आती है और करियर में रुकावटें आना शुरू हो जाती हैं। कई बार पिता से मतभेद भी इस आदत के कारण देखे जाते हैं क्योंकि ज्योतिष में सूर्य का संबंध पिता से भी है।

नाखून चबाने वालों को अक्सर पैसों की तंगी का सामना करना पड़ता है। ऐसा व्यक्ति जीवन भर धन और कर्ज के चक्रव्यूह में उलझा हुआ रह सकता है। यह आदत आर्थिक स्थिरता को भी नुकसान पहुंचाती है।

इसके साथ ही शनि दोष भी इस आदत से जुड़ा हुआ माना जाता है। नाखून चबाने वालों पर शनि की कुदृष्टि मानी जाती है। शनि का प्रभाव जीवन में देरी, संघर्ष और मानसिक अशांति लेकर आता है। इस कारण व्यक्ति अपने जीवन में बार-बार बाधाओं और कठिन परिस्थितियों से जूझता रहता है।

स्वास्थ्य की दृष्टि से भी नाखून चबाना नुकसानदायक है। नाखूनों के नीचे गंदगी और बैक्टीरिया जमा होते हैं, जिन्हें मुंह में डालने से पेट और आंतों से संबंधित बीमारियां हो सकती हैं। इसके अलावा दांत और मसूड़े भी प्रभावित होते हैं।

इसलिए कहा जाता है कि नाखून चबाने की आदत तुरंत छोड़ देनी चाहिए। यह आदत जहां आपके शरीर को धीरे-धीरे नुकसान पहुंचाती है, वहीं आपकी कुंडली के शुभ ग्रहों को भी कमजोर करती है। जो लोग अपने जीवन में प्रगति, आत्मविश्वास और स्थिरता चाहते हैं, उन्हें इस आदत से अवश्य दूर रहना चाहिए।




प्रियंका जैन
9769994439

## न्यूज़ ब्रीफ

### आपराधिक वारदात के नामजद 3 अभियुक्तों को एसआईटी ने किया गिरफ्तार

सारण। सारण जिले के भेल्दी थानान्तर्गत जलालपुर चौक के पास आपसी विवाद में गुरुवार को घटित आपराधिक घटना में दो व्यक्तियों को गोली लगी, जिसमें से एक घायल व्यक्ति की मौत इलाज के दौरान हो गई थी। वहीं,दूसरे घायल व्यक्ति को बेहतर इलाज हेतु पी.एम.सी.एच., पटना रेफर किया गया था, जहाँ उपचार के क्रम में उनकी भी मौत आज हो गई। उक्त घटना के घटनास्थल का निरीक्षण पुलिस अधीक्षक, ग्रामीण एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, मढ़ौरा द्वारा किया गया था। इस संबंध में मृतक के परिजन के लिखित आवेदन के आधार पर भेल्दी थाना कांड सं0-258/25, दिनांक-02.10.25, धारा-61 (2)/103 (1)/3 (5) बी.एन.एस. एवं 25 (1-बी) ए/26/35/27 आर्म्स एक्ट दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। इसी क्रम में घटना की गंभीरता को देखते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार आशीष के द्वारा घटना के त्वरित उभेदन तथा दोषियों की शीघ्र गिरफ़्तारी हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, मढ़ौरा के नेतृत्व में एस.आई.टी. का गठन किया गया तथा घटना से जुड़ी सभी बिंदुओं की गहन जाँच एवं दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु आवश्यक निर्देश दिया गया।

### मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना की दूसरी किस्त मुख्यमंत्री ने की जारी

**अररिया।** मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के अंतर्गत आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण शुक्रवार को समाहरणालय स्थित परमान सभागार में किया गया।जिसमें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 25 लाख लाभार्थियों के बैंक खातों में रोजगार हेतु 10-10 हजार रुपए की राशि का हस्तांतरण किया। जिलाधिकारी अनिल कुमार की अध्यक्षता में हुए इस कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त रोजी कुमारी सहित अन्य जिलास्तरीय पदाधिकारीगण मौजूद रहे। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में पहुंची जीविका दीदियों ने काफी उत्साह के साथ कार्यक्रम में शिरकत की। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। जिसके तहत महिलाओं को रोजगार करने के लिए शुरुआत में 10 हजार की राशि दी जा रही है।

### राज्य निर्वाचन आयुक्त ने राज्यपाल से की मुलाकात

**रांची।** झारखंड की नवनियुक्त राज्य निर्वाचन आयुक्त अलका तिवारी ने शुक्रवार को राज भवन में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात की। इससे पहले आज ही उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भी मुलाकात की थी।

### कार ने सड़क किनारे खड़े लोगों को रौंदा, आधा दर्जन लोग घायल

रामगढ़। रामगढ़ – बोकारो मार्ग पर रजरप्पा थाना क्षेत्र के छोटकीपोना चौक के समीप शुक्रवार को एक तेज रफ्तार कार ने आधा दर्जन लोगों को के रौंद दिया। जानकारी के अनुसार चितरपुर से रामगढ़ की ओर जा रही एक तेज रफ्तार ग्लैंजा कार ने छोटकीपोना चौक पर खड़े कई स्थानीय लोगों को रौंदते हुए पेड़ से जा टकराई। इससे कार भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। सबसे पहले कार ने खड़े मोटरसाइकिल पर सवार अक्षय कुमार, नंदन कुमार को जोरदार टक्कर मारी। इससे दोनों युवक बुरी तरह से घायल हो गए।

इश्क उम्र नहीं देखता जनाब!

# दादी का दिल हुआ 'जवान'

एजेंसी । झांसी

मऊरानीपुर कोतवाली क्षेत्र से एक ऐसा मामला सामने आया है जिसने पूरे इलाके को हैरान कर दिया है। दो बच्चों की दादी, उम्र महज 40 साल, अपने परिवार और रिश्तों को ठुकराकर 35 वर्षीय प्रेमी संग फरार हो गई। इस घटना ने न सिर्फ़ घर-परिवार बल्कि पूरे गांव को सकते में डाल दिया है।



### मामला कहाँ का है?

यह मामला मऊरानीपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम स्यावरी का है। यहां के निवासी कामता प्रसाद आदिवासी का परिवार बेहद साधारण और मेहनतकश है। परिवार में दो बेटे, दो बहुएँ और छोटे-छोटे पोते हैं। लेकिन इस परिवार की खुशियों को उस वक्त तगड़ा झटका लगा, जब कामता प्रसाद की पत्नी सुखवती (40 वर्ष) अचानक घर छोड़कर अपने प्रेमी संग भाग गई।

### फरारी की पूरी दास्तां

कुछ दिन पहले कामता प्रसाद अपने बेटे का इलाज कराने झाँसी आया हुआ था। इसी बीच सुखवती ने मौका पाकर घर में रखे गहने और नगदी उठाई और अपने प्रेमी अमर सिंह के साथ फरार हो गई। जब कामता वापस घर आया तो पत्नी और गहनों का पता न चला। अब पूरा परिवार सदमे में है। बहुएँ और छोटे-छोटे पोते इस घटना से गहरे आघात में हैं। जिस घर की नींव सुखवती ने कभी संभाली थी, उसी को छोड़कर अपने इश्क़ की राह पकड़ ली।

### प्रेम कहानी की शुरुआत

करीब ढाई साल पहले सुखवती मजदूरी करने के लिए भिंड जिले के ईंट भट्टों पर गई थी। वहीं उसकी मुलाक़ात राठ तहसील के बिहुनी गांव निवासी अमर सिंह प्रजापति (35 वर्ष) से हुई। धीरे-धीरे बातचीत दोस्ती में बदली और दोस्ती इश्क़ में। पति कामता प्रसाद को जब पत्नी की नज़दीकियों का आभास हुआ तो उसने उसे घर वापस बुला लिया।

### पीड़ित पति की गुहार

पत्नी के फरार होने के बाद टूटे हुए कामता प्रसाद ने पुलिस थाने पहुंचकर तहरीर दी। उनकी तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पीड़ित पति कामता प्रसाद ने कहा,मैंने कभी सोचा नहीं था कि मेरी पत्नी ऐसा कदम उठाएगी।

# यूपी में मॉनसूनी बारिश ने पकड़ी रफ्तार

एजेंसी । लखनऊ

उत्तर प्रदेश में मानसून अब विदाई के समय पूरी रफ्तार पकड़ चुका है और मौसम विभाग ने 4 अक्टूबर के लिए राज्य में एक भयंकर बारिश का अलर्ट जारी किया है। पूर्वी उत्तर प्रदेश के 6 जिलों के लिए भारी से अत्यधिक भारी बारिश का 'रेड अलर्ट' जारी किया गया है, जबकि 11 अन्य जिलों के लिए 'ऑरेंज अलर्ट' की चेतावनी है। इसके अलावा राज्य के 32 से अधिक जिलों में गरज-चमक (मेघगर्जन), वज्रपात (बिजली गिरने) और भारी बारिश का 'येलो अलर्ट' सक्रिय है। मौसम विभाग ने स्पष्ट कर दिया है कि इन इलाकों में जलभराव, निचले क्षेत्रों में बाढ़ जैसी स्थिति और आवागमन में गंभीर रुकावटें आ सकती हैं। लोगों और प्रशासन को अगले 24 घंटों के लिए विशेष रूप से सतर्क रहने की सलाह दी गई है, क्योंकि वज्रपात से जान-माल के नुकसान का खतरा अधिक है।



### रेड अलर्ट: भारी से अत्यधिक भारी वर्षा होने की संभावना

इन ज़िलों में सबसे अधिक और विनाशकारी बारिश का अनुमान है: देवरिया, गोरखपुर, सतकबीरनगर, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर.

### ऑरेंज अलर्ट: भारी से अति भारी वर्षा होने की संभावना

इन जिलों में बहुत तेज़ बारिश का अनुमान है, जिससे जनजीवन प्रभावित हो सकता है: जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, बस्ती, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, सुल्तानपुर, अयोध्या, अम्बेडकरनगर।

### येलो अलर्ट: भारी वर्षा होने की संभावना

इन जिलों में व्यापक रूप से भारी वर्षा दर्ज की जा सकती है: कौशाम्बी, प्रयागराज, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, संत रविदास नगर, बहराइच, सीतापुर, लखनऊ, बाराबंकी, रायबरेली, अमेठी।

## सिर कटे शव की हुई शिनाख्त, जांच में जुटी पुलिस

एजेंसी । दुमका

जिले के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के मलूटी पंचायत भवन के समीप सिर कटे शव की पहचान हो चुकी है। मृतक रूपलाल हांसदा (20) थाना क्षेत्र के मलूटी पंचायत के परतापुर गांव का निवासी था। शव की पहचान उसके परिजनों ने की है। मृतक के भाई ने पुलिस जानकारी देते हुए रूपलाल पिछले छह माह से पश्चिम बंगाल में एक लड़की के साथ रह रहा था। इसके बारे में भी घरवालों को कोई जानकारी नहीं है। रूपलाल लगभग दो माह पूर्व अपने गांव परतापुर आया था। लेकिन घर में उसने किसी से बातचीत भी नहीं की और फिर उसी दिन वह लौट भी गया। इसके बाद शुक्रवार को उसकी मौत की सूचना घर के लोगों को मिली। वहीं परिजनों का कहना है कि वह यहां क्यों आया, कैसे उसकी मौत हुई है। इसके बारे में वे कुछ नहीं बता सकते हैं। इधर, शिकारीपाड़ा थाना पुलिस हर दृष्टिकोण से मामले की जांच कर रही है।

# इटावा जंक्शन पर फर्जी असिस्टेंट लोको पायलट गिरफ्तार

एजेंसी । इटावा

कालका नेताजी एक्सप्रेस में एक फर्जी लोको पायलट को गिरफ्तार किया गया है। यह युवक कई महीनों से नकली वर्दी और पहचान पत्र का इस्तेमाल कर ट्रेनों के इंजन में सफर कर रहा था। गुरुवार को उसकी पहचान उजागर हुई, जिसके बाद उसे रंगे हाथों पकड़ा गया। शुक्रवार को जीआरपी सीओ उदय प्रताप सिंह ने मामले का खुलासा



### लोको पायलट का कोड नंबर नहीं बता पाया

इस मामले का खुलासा तब हुआ जब कालका नेताजी एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 12312 इटावा से गुजर रही थी। ट्रेन के ड्राइवर राजेंद्र कुमार मीणा को इंजन में बैठे युवक की हरकतें संदिग्ध लगीं। शक होने पर जब उससे लोको पायलट का कोड नंबर पूछा गया, तो वह तुरंत जवाब नहीं दे पाया। ड्राइवर ने तुरंत टूंडला हेडक्वार्टर को सूचना दी। हेडक्वार्टर के निर्देश पर ट्रेन को इटावा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर चार पर रोका गया।

# आपराधिक मामला लंबित होने पर निरस्त नहीं कर सकते शस्त्र लाइसेंस: हाईकोर्ट

एजेंसी । प्रयागराज

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक आदेश में कहा है कि आपराधिक केस लंबित होने के आधार पर शस्त्र लाइसेंस निरस्त नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने कहा कि आर्म्स एक्ट की धारा 17(3) के तहत केवल शस्त्र से लोक शांति और लोक सुरक्षा को खतरा होने पर ही लाइसेंस निरस्त किया जा सकता है।



### शस्त्र के दुरुपयोग का आरोप नहीं

याची का कहना था कि उसके खिलाफ शस्त्र के दुरुपयोग का आरोप नहीं है और न ही उसके किसी आचरण से लोक शांति और सुरक्षा को खतरे की आशंका है।

### डीएम जौनपुर-वाराणसी कमिश्नर का आदेश रद्द

यह आदेश न्यायमूर्ति प्रकाश पाडिया ने अनुराग जायसवाल की याचिका को निस्तारित करते हुए दिया. इसी के साथ कोर्ट ने याची का शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने के डीएम जौनपुर और कमिश्नर वाराणसी के आदेशों को रद्द कर दिया. डीएम जौनपुर को दो माह में नियमानुसार आदेश करने का निर्देश दिया है.

## झारखंड में जल्द होंगे निकाय चुनाव

एजेंसी । रांची

झारखंड में निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति के बाद नगर निकाय चुनाव जल्द होने की संभावना बढ़ गई है। कार्यभार संभालने के बाद राज्य निर्वाचन आयुक्त अलका तिवारी ने आयोग कार्यालय में अब तक हुई तैयारियों की जानकारी ली। इसके बाद शुक्रवार को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान राज्य निर्वाचन आयोग के कामकाज पर चर्चा हुई।राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव राधेश्याम के अनुसार आयोग नगर निकाय चुनाव को लेकर तैयार है, बस सरकार के निर्णय की प्रतिक्षा की जा रही है, क्योंकि प्रारंभिक तैयारी के बाद वार्डों और पदों के निर्धारण के लिए, जो आरक्षण व्यवस्था नगर विकास विभाग तय करके आयोग को देगा, उसी अनुरूप चुनाव कराए जायेंगे, जिसे लेकर इंतजार किया जा रहा है। इन सबके बीच आगामी 14 अक्टूबर को नगर निकाय चुनाव को लेकर एक बार फिर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई होनी है।

# बिहार में कई आईएएस अधिकारियों का तबादला

**पटना :** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले कई IAS अधिकारियों का तबादला हुआ है। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से जारी की गयी सूचना के अनुसार पटना प्रमंडल का नया कमिश्नर अनिमेष कुमार पराशर को बनाया गया है। इसके साथ ही अनिमेष कुमार पाराशर बिहार राज्य निर्माण विकास निर्माण निगम (बुडको) के प्रबंध निदेशक (एमडी) के अतिरिक्त प्रभार में भी बने रहेंगे। इससे पहले वह पटना नगर निगम के म्युनिसिपल कमिश्नर थे।वर्तमान कमिश्नर डॉ चंद्रशेखर अब मुख्यमंत्री सचिवालय के सचिव होंगे। इसके साथ ही उन्हें आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव और बिहार राज्य पुल निर्माण निगम का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। चंद्रशेखर पटना के डीएम भी रह चुके हैं और फिलहाल पटना के कमिश्नर हैं। अब मुख्यमंत्री के साथ दिखेंगे।

# नीतीश सरकार की अंतिम कैबिनेट बैठक

**पटना :** दशहरा के अगले दिन यानी शुक्रवार को बिहार कैबिनेट की बैठक हुई। कहा जा रहा है कि विधानसभा चुनाव से पहले यह अंतिम बैठक थी। इसी को ध्यान में रखते हुए 129 एजेंडों पर मुहर लगी है। आइये आपको बताते हैं कि किन-किन मुद्दों पर मुहर लगी है। बिहार सरकार के कर्मचारियों का कैबिनेट में डीए बढ़ाया गया है। तीन प्रतिशत महंगाई भत्ता बढ़ाया गया है। अब 55% से बढ़कर 58% डीए हो गया। केंद्र सरकार 3% बढ़ाने का फैसला ले चुकी है। बिहार में फिल्म और नाट्य संस्थान स्थापना के लिए कैबिनेट में स्वीकृति मिली है। राज्य के शहरी क्षेत्र में टीकाकरण अभियान के लिए संविदा पर नियोजित एएनएम कर्मियों का मानदेय 11500 से बढ़ाकर 15000 करने और 5% वार्षिक मानदेय वृद्धि दिए जाने की स्वीकृति स्कूली छात्र-छात्राओं की स्कॉलरशिप दोगुनी हुई है।

## व्यापार जगत

# हरे निशान पर बंद हुआ बाजार

एजेंसी । नई दिल्ली

धातु शेयरों में खरीदारी और वैश्विक बाजारों में तेजी के चलते बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन बढ़त के साथ बंद हुए। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 226.86 अंक या 0.28 प्रतिशत उछलकर 81,207.17 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, सूचकांक 602.42 अंकों के उतार-चढ़ाव के साथ 81,251.99 के उच्चतम और 80,649.57 के निम्नतम स्तर तक गया। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 57.95 अंक या 0.23 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,894.25 पर आ गया।



### सेंसेक्स की कंपनियों का हाल

सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा स्टील में सबसे अधिक 3.40 प्रतिशत की तेजी आई, जिसके बाद पावर ग्रिड, एक्सिस बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, लार्सन एंड टुब्रो, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और भारती एयरटेल का स्थान रहा।इसके विपरीत, टेक महिंद्रा, मारुति, अल्ट्राटेक सीमेंट और बजाज फिनसर्व प्रमुख पिछड़ने वालों में से थे। बीएसई धातु सूचकांक में 1.85 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जिसमें लॉयड्स मेटल्स एंड एनर्जी (6.18 प्रतिशत), नेशनल एल्युमीनियम कंपनी (3.10 प्रतिशत) और जिंदल स्टेनलेस (2.87 प्रतिशत) जैसी कंपनियों में तेजी रही।

### यूरोपीय बाजारों में दिखी बढ़त

एशियाई बाजारों में, जापान का निक्केई 225 सूचकांक तेजी से ऊपर बंद हुआ, जबकि हांगकांग का हैंग सेंग सूचकांक नीचे बंद हुआ। चीन और दक्षिण कोरिया के कोस्पी में सार्वजनिक अवकाश के कारण शेयर बाजार बंद रहे।

### ब्रेंट क्रूड का भाव बढ़कर 64.61 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंचा

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.86 प्रतिशत बढ़कर 64.61 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 1,605.20 करोड़ रुपए के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 2,916.14

# छह कंपनियों ने छोटे रिएक्टर लगाने में दिखाई रुचि

एजेंसी । नई दिल्ली

भारत में छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर (बीएसएमआर) लगाने की दिशा में निजी क्षेत्र की दिलचस्पी बढ़ रही है। रिलायंस इंडस्ट्रीज, अदाणी पावर, जिंदल स्टील एंड पावर, टाटा पावर, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज और जेएसडब्ल्यू एनर्जी ने एनपीसीआईएल (भारतीय परमाणु ऊर्जा निगम लिमिटेड) के प्रस्ताव में रुचि दिखाई है।



### एनडीए दस्तावेज और भविष्य की प्रक्रिया

एनपीसीआईएल ने बताया कि हिंडाल्को, जिंदल स्टील, टाटा पावर और रिलायंस इंडस्ट्रीज ने गैर-खुलासा समझौते (एनडीए) से जुड़े दस्तावेज जमा कर दिए हैं।

### छह राज्यों में चिन्हित 16 संभावित स्थल

एनपीसीआईएल के अनुसार, गुजरात में पांच, मध्य प्रदेश में चार, ओडिशा में तीन, आंध्र प्रदेश में दो और झारखंड व छत्तीसगढ़ में एक-एक स्थल संभावित विकल्पों के रूप में सामने आए हैं। एनपीसीआईएल ने उद्योग जगत से उनके उपयोग के लिए दो 220 मेगावाट के दाबित भारी जल रिएक्टर (पीएचडब्ल्यूआर) स्थापित करने के प्रस्ताव आमंत्रित किए थे। प्रारंभिक अंतिम तिथि 30 सितंबर तय की गई थी, जिसे अब उद्योग जगत के अनुरोध पर 31 मार्च तक बढ़ा दिया गया है।

# देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.33 अरब डॉलर घटा



डीबीडी संवाददाता । मुंबई

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 26 सितंबर को समाप्त सप्ताह में 2.33 अरब डॉलर घटकर 700.24 अरब डॉलर रहा। इसके एक सप्ताह पहले देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 39.6 करोड़ डॉलर घटकर 702.57 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, 26 सितंबर को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का प्रमुख घटक मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 4.39 अरब डॉलर घटकर 581.76 अरब डॉलर रहीं। केन्द्रीय बैंक के अनुसार, आलोच्य सप्ताह में देश का स्वर्ण भंडार 2.24 अरब बढ़कर 95.02 अरब डॉलर हो गया।

# सोने में पांच दिन से जारी तेजी थमी



एजेंसी । नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत शुक्रवार को 500 रुपए टूटकर 1,20,600 रुपए प्रति 10 ग्राम रही। इसके साथ सोने में पांच दिनों से जारी रिकॉर्ड तेजी पर विराम लग गया। निवेशकों की मुनाफावसूली और डॉलर में आये मामूली सुधार से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने बताया कि 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 500 रुपए टूटकर 1,20,600 रुपए प्रति 10 ग्राम रही। इससे पहले, बुधवार को यह 1,100 रुपए की तेजी के साथ 1,21,100 रुपए प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई थी। सोने की तरह, चांदी की कीमतें भी 500 रुपए घटकर 1,50,000 रुपए प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रही।

# नेशनल सिल्क एक्सपो का आयोजन

एजेंसी । नई दिल्ली

दिल्ली के रफी मार्ग स्थित कांस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में सात अक्टूबर तक नेशनल सिल्क एक्सपो का आयोजन किया गया है। इस मेले में सिल्क से बने परिधानों की विस्तृत श्रृंखला प्रदर्शित की जा



रही है। यह एक्सपो विशेष रूप से सिल्क साड़ियों और सूट पर केंद्रित है, जिसमें बनारसी साड़ी, भागलपुर सिल्क और पश्चिम बंगाल समेत कई राज्यों के हैंडलूम सिल्क के वस्त्र शामिल हैं। मेले में प्रदर्शित परिधान अपनी बारीक कारीगरी और पारंपरिक डिजाइनों के लिए खास तौर पर सराहे जा रहे हैं।

# केंद्र ने कपड़ा उद्योग को दी राहत

एजेंसी । नई दिल्ली

नई दिल्ली। केंद्र ने वस्त्र उद्योग को बड़ी रहात दी है। कपड़ा क्षेत्र के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत आवेदन दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर तक बढ़ा दी गई है। यह फैसला अगस्त 2025 में शुरू हुई नवीनतम आमंत्रण राउंड में मानव निर्मित फाइबर (MMF) परिधान, MMF फैब्रिक्स और टेक्निकल टेक्सटाइल्स जैसे क्षेत्रों से भारी संख्या में आवेदन मिलने के बाद लिया गया है। कपड़ा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि उद्योग में बढ़ती रुचि से प्रेरित होकर, सरकार संभावित निवेशकों को योजना में भाग लेने और इसके लाभ उठाने का एक और अवसर दे रही है। आवेदन विंडो का विस्तार पीएलआई योजना के तहत निवेश के लिए उद्योग की निरंतर इच्छा का प्रत्यक्ष जवाब है। यह घरेलू कपड़ा विनिर्माण में बाजार की बढ़ती मांग और विश्वास को दर्शाता है। वस्त्रों के लिए पीएलआई योजना 24 सितंबर, 2021 को अधिसूचित की गई थी। इसका उद्देश्य देश में एमएमएफ परिधान व फैब्रिक्स तथा तकनीकी वस्त्रों के उत्पादों के उत्पादन को बढ़ावा देना है, ताकि उद्योग को आकार और पैमाना प्राप्त करने, प्रतिस्पर्धी बनने, लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा करने और एक व्यवहार्य उद्यम के निर्माण में सहायता मिल सके। अब तक 28,711 करोड़ रुपए के प्रतिबद्ध निवेश वाली 74 भागीदार कंपनियों को पीएलआई योजना के तहत लाभार्थियों के रूप में चुना गया है।

# ग्लोबल सुस्ती और घरेलू मंदी से नौकरी बाजार में दबाव

एजेंसी । नई दिल्ली

इस साल का प्लेसमेंट सीजन छात्रों के लिए कठिन साबित हो रहा है। वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता और घरेलू दबाव ने मिलकर रोजगार के अवसरों को प्रभावित किया है। अमेरिका की व्यापार और वीजा नीतियों ने भारतीय उत्पादों और कर्मचारियों के लिए दिक्कतें बढ़ा दी हैं। इसके कारण भारत में भर्ती गतिविधियाँ सुस्त पड़ी हैं और कई बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने कैंपस विज़िट घटा दी हैं। भारत का आईटी क्षेत्र, जो प्लेसमेंट की रीढ़ रहा है, इस बार धीमी गति से भर्ती कर रहा है। इन्फोसिस ने 20,000, विप्रो ने



करीब 10,000 और एचसीएल टेक ने लगभग 7,000 छात्रों को नियुक्त करने की योजना बनाई है। हालांकि, यह संख्या पिछले वर्षों की तुलना में काफी कम है। आईआईटी और एनआईटी जैसे संस्थानों में दिसंबर से प्लेसमेंट शुरू होते हैं, जबकि निजी इंजीनियरिंग कॉलेज सितंबर-अक्टूबर से ही प्रक्रिया आरंभ कर लेते हैं। आईटी पर निर्भरता कम होने से अब कैंपस प्लेसमेंट में मैन्युफैक्चरिंग, ऊर्जा और इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनियाँ सक्रिय दिख रही हैं। इसके साथ ही सेमीकंडक्टर और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित कंपनियाँ डेटा, मशीन लर्निंग और इनोवेशन से जुड़े नए अवसर पैदा कर रही हैं। इन हालातों में ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप से मिलने वाले प्री-प्लेसमेंट ऑफर (PPO) छात्रों के लिए सबसे बड़ी उम्मीद बनकर सामने आए हैं। वेतन वृद्धि की स्थिति छात्रों को और चिंतित कर रही है। डेलॉयट की रिपोर्ट बताती है कि वित्त वर्ष 2025 में औसत वेतन वृद्धि सिर्फ 3.9% रही, जबकि पिछले पाँच सालों का औसत 3.1% रहा है।

# दूसरे दिन भी टीम इंडिया का जलवा

- जुरैल और जडेजा के शतकों से भारत ने हासिल की मजबूत बढ़त
- भारतीय टीम ने वेस्टइंडीज पर 286 रन की बड़ी बढ़त बनाई
- ध्रुव ने टेस्ट करियर का पहला, केएल ने 11वां और रवींद्र ने छठा सैकड़ा लगाया



**नंबर गेम**

- 125 रन की करियर की सबसे बड़ी पारी खेली जुरेल ने 210 गेंदों में 15 चौकों और तीन छक्कों से
- 206 रन की शानदार साझेदारी जडेजा और जुरेल ने पांचवें विकेट के लिए निभाई

एजेंसी | अहमदाबाद

भारत ने पहले टेस्ट में पूरी तरह से वेस्टइंडीज को बैकफुट पर धकेल दिया है। केएल राहुल, ध्रुव जुरेल और रवींद्र जडेजा के शतकीय प्रहारों से भारतीय टीम ने दूसरे दिन शुक्रवार को 286 रन की बड़ी बढ़त हासिल कर ली है। टीम ने पांच विकेट पर 448 रन बनाकर विंडीज पर शिकंजा कस दिया है। स्टंप्स के समय जडेजा 104 के साथ वाशिंगटन सुंदर नौ रन बनाकर क्रीज पर हैं। भारतीय टीम ने अंतिम सत्र में 32 ओवर में 3.81 की रन रेट से 122 रन बटोरे। विंडीज के गेंदबाज दिन में सिर्फ तीन विकेट ले पाए। राहुल ने 100 और जुरेल ने 125 रन की पारी खेली। कप्तान शुभमान गिल ने 50 रन का योगदान दिया। पिच पर गेंदबाजों के पैर वाले निशान से स्पिनरों को मिल रहे असामान्य उछाल को देखते हुए वेस्टइंडीज के लिए अब पारी की हार को टालना भी मुश्किल होगा। जुरेल ने वेस्टइंडीज के कप्तान चेज के खिलाफ चौके के साथ टेस्ट करियर का पहला शतक पूरा किया। वहीं शानदार लय में चल रहे जडेजा ने वारिकन के खिलाफ एक रन से अपना छठा टेस्ट शतक पूरा किया। राहुल ने चेज के खिलाफ एक रन लेकर घर में दूसरा शतक पूरा किया।

### दोहरी शतकीय साझेदारी

राहुल के आउट होने के बाद जुरेल ने मोर्चा संभाला। उन्होंने जडेजा के साथ पांचवें विकेट के लिए 206 रन की साझेदारी कर मैच में वेस्टइंडीज के लिए वापसी के दरवाजे लगभग बंद कर दिए। जुरेल ने भारतीय पारी का पहला छक्का लगाया। इसके कुछ देर के बाद जडेजा ने जोमेल के खिलाफ दो छक्के जड़े अपने तेवर दिखाए। जोमेल ने गेंदबाजों के पैर से बने पिच के खुरदुरे हिस्से पर गेंद को टप्पा खिलाकर बल्लेबाजों को परेशान करने की रणनीति अपनाई। इस जोड़ी ने कदमों के इस्तेमाल के साथ उनकी योजना को कारगर नहीं होने दिया।

### जुरेल रहे आक्रामक

दोनों ने बड़ा शॉट खेलने का कोई भी मौका जाया नहीं किया। इस दौरान गेंद को क्षेत्ररक्षकों से दूर रख कर रन भी चुराते रहे। जुरेल ने शतक पूरा करने के बाद आक्रामक रूख अपनाया। जुरेल पिएरे की गेंद पर विकेटकीपर होप को कैच देकर आउट हुए। पिएरे का यह यह पहला टेस्ट विकेट है।

### राहुल का विंडीज के खिलाफ दूसरा सैकड़ा

गिल ने इस बीच आठवां अर्धशतक पूरा किया। वह हालांकि राहुल की तरह रिवर्स स्वीप करने की कोशिश में चेज की गेंद पर अपना विकेट गंवा बैठे। गेंद उनके बल्ले का ऊपरी किनारा लेकर स्लिप में ग्रीव्स के हाथों में चली गई। राहुल ने वेस्टइंडीज के खिलाफ अपना दूसरा टेस्ट शतक पूरा किया। वेस्टइंडीज के गेंदबाजों ने शुरुआती सत्र में सटीक लाइन लेंथ से गेंदबाजी की लेकिन भारतीय बल्लेबाजों के सतर्क रवैये के कारण टीम को सिर्फ एक सफलता मिली। दूसरे सत्र के शुरुआती ओवर में ही जोमेल ने ग्रीव्स के हाथों राहुल को कैच करवा दिया।

### राहुल-गिल की साझेदारी



इससे पहले भारतीय टीम ने दिन की शुरुआत दो विकेट 121 रन से की। राहुल ने गिल के साथ तीसरे विकेट के लिए 98 रन की साझेदारी कर भारत को बढ़त दिला दी। राहुल ने एकाग्रता के साथ बल्लेबाजी की। दिन की शुरुआत में उन्हें भाग्य का भी साथ मिला जब सील्स की गेंद विकेटकीपर और पहली स्लिप के बीच से निकल गई। राहुल और गिल ने इसके बाद कोई गलती किए बिना आसानी से रन बनाए। दोनों ने अच्छी गेंदों को रक्षात्मक खेल के साथ सम्मान दिया तो वहीं लचर गेंदों के खिलाफ रन बनाए।

### सात साल बाद घर में तीन शतक



सात साल बाद घरेलू सरजमीं पर तीन भारतीयों ने एक दिन में शतक जड़े। इससे पहले 2018 में इसी टीम के खिलाफ राजकोट में कप्तान विराट कोहली, पृथ्वी शॉ और जडेजा ने ऐसा किया था। वहीं इसी साल जून-जुलाई में इंग्लैंड दौरे में लीड्स और मैनचेस्टर टेस्ट में भी तीन भारतीय ने सैकड़े जड़े थे।

### राहुल का नौ साल बाद घर में सैकड़ा



राहुल ने घरेलू सरजमीं पर नौ साल के बाद सैकड़ा जड़ा। यह उनका घर में दूसरा जबकि कुल 11वां शतक है। इसमें से उन्होंने दस ओपनर के रूप में जड़े हैं। उन्होंने इससे पहले दिसंबर 2016 में चेन्नई में इंग्लैंड के खिलाफ 199 रन की पारी खेली थी जो उनके करियर का सबसे बड़ा स्कोर भी है।

### जडेजा ने धौनी को पीछे छोड़ा



जडेजा टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक छक्के जड़ने वाले चौथे भारतीय बन गए हैं। उन्होंने 80 छक्कों के साथ महेंद्र सिंह धौनी (78) को पीछे छोड़ दिया। अब उनसे आगे उनसे आगे सहवाग (90), पंत (90) और रोहित (88) ही हैं। जडेजा ने इस सत्र में सातवीं बार 50 प्लस का स्कोर किया। यह भारत की ओर से इस साल सबसे अधिक है।

# विदर्भ बड़ी बढ़त की ओर

- विदर्भ ने 224 रन की बढ़त से शिकंजा कसा
- रजत पाटीदार की कोशिश बेकार

**ईरानी ट्रॉफी**

एजेंसी | नागपुर

रणजी चैंपियन विदर्भ ने ईरानी ट्रॉफी के तीसरे दिन शेष भारत के खिलाफ अपनी पकड़ मजबूत कर ली। पहली पारी में 342 रन बनाने के बाद विदर्भ ने शेष भारत को 214 रन पर समेट कर 128 रन की अहम बढ़त हासिल की। तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक विदर्भ दूसरी पारी में दो विकेट पर 96 रन बना चुका था और उसकी कुल बढ़त 224 रन की हो गई। ध्रुव शौरी 24 और दानिश 16 रन पर नाबाद हैं।

### यश ठाकुर की घातक गेंदबाजी से ध्वस्त शेष भारत



शेष भारत ने दिन की शुरुआत पांच विकेट पर 142 रन से की, लेकिन विदर्भ के गेंदबाजों ने शुरुआत से ही दबाव बना दिया। कप्तान रजत पाटीदार (66) ने अर्धशतक जमाया, जबकि अभिमन्यु ईश्वरन ने 52 रन बनाए। इसके अलावा कोई बल्लेबाज टिक नहीं पाया। तेज गेंदबाज यश ठाकुर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चार विकेट चटकाए। उन्हें पार्थ रेखाड़े और हर्ष दुबे का अच्छा साथ मिला, जिन्होंने दो-दो विकेट हासिल किए। आदित्य ठाकरे और दर्शन नालकांडे ने भी एक-एक विकेट लिया। पाटीदार के आउट होने के बाद शेष भारत की पारी ढह गई और टीम 214 रन पर सिमट गई। यश ठाकुर ने आखिरी विकेट गुरनूर बरार (13) को आउट कर अपने चौथे शिकार के रूप में पवेलियन भेजा। दूसरी ओर, रुतुराज गायकवाड़ (9), ईशान किशन (1) और यश ढुल (11) जैसे बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सके। विदर्भ की ओर से अब जीत की संभावनाएं और प्रबल हो गई हैं, जबकि शेष भारत को वापसी के लिए चौथी पारी में बड़ा लक्ष्य चेज करना होगा।

**न्यूज ब्रीफ**

### घुड़दौड़: सॉयकिक स्टॉर बेजोड़

**मुंबई।** शनिवार को पुणे घुड़दौड़ सत्र के नौंवे दिन की मुख्य दौड़ द थर्पेंटिन फिलीज एंड मेअर्स स्टेक्स में पेसी श्रॉफ द्वारा प्रशिक्षित सॉयकिक स्टॅार की स्थिति अति उत्तम है और उसके जीत की प्रबल संभावना है। कुल सात दौड़ों का कार्यक्रम है। पहली दौड़ दोपहर एक बजे आरंभ होगी। विभिन्न दौड़ों के लिए हमारे चयन इस प्रकार हैः 1- सेनेका (प्र.), सिमोला (द्वि.), 2- स्पेनिस ऑईज (प्र.), आताश (द्वि.), 3- किंग के (प्र.), डॉक्टर डॉली (द्वि.), 4- डार्सी (प्र.), चॉर्ली ब्रॉउन (द्वि.), 5- सॉयकिक स्टॅार (प्र.), थलासा (द्वि.), 6- विन्ड डॉन्सर (प्र.), चेलसी (द्वि.), 7- टॉईमलेस फॉर्च्युन (प्र.), विन्नस फ्युरी (द्वि.), दिन का सर्वोत्तम- सॉयकिक स्टॅार।

# भारत 'ए' महिला हॉकी टीम चीन में पांच मैच खेलेगी

एजेंसी | नई दिल्ली

भारत 'ए' महिला हॉकी टीम चीन में 13 से 21 अक्तूबर तक लियाओनिंग टीम के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज खेलेगी। सभी मुकाबले दालियान के लियाओनिंग स्पोर्ट्स सेंटर में होंगे। यह दौरा टीम के भविष्य के लिए एक अहम कदम माना जा रहा है। इसमें उभरती हुई खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय अनुभव और मैच अभ्यास हासिल कर सकेंगी। आठ दिन के इस दौरे पर 13, 15, 17, 19 और 21 अक्तूबर को मैच खेले जाएंगे। अनुभवी डिफेंडर मनीषा चौहान टीम की कमान संभालेंगी। भारतीय महिला हॉकी टीम के विश्लेषणात्मक कोच डेव स्मोलेनार्स इस दौरे के लिए मुख्य कोच की भूमिका निभाएंगे।



**टीम**

**गोलकीपर :** बंसारी सोलंकी, माधुरी किंडो।
**डिफेंडर :** मनीषा चौहान, अक्षता अबासो ढेकाले, ज्योति छत्री, महिमा चौधरी, अंजना डुंगडुंग।
**मिडफील्डर :** सुजाता कुजूर, दीपिका सोरेंग, अजमीना कुजूर, पूजा यादव, बलजीत कौर, दीपी मोनिका टोप्पो।
**फॉरवर्ड :** अलबेला रानी टोप्पो, रितिका सिंह, अन्नू, चंदना जगदीशा, काजल सदाशिव अटपडकर, सेलेस्टिना होरो।

# श्रीलंका को पहली जीत की तलाश

**ऑस्ट्रेलिया से टक्कर आज**



**कोलंबो।** भारत के खिलाफ हार झेलने के बाद श्रीलंका महिला टीम अब अपनी पहली जीत की तलाश में है। शनिवार को उसे घर में सात बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम का सामना करना है। घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाकर टीम बल्लेबाजी और फील्डिंग में सुधार करना चाहेगी। खासकर बल्लेबाजों पर बड़ा स्कोर बनाने का दबाव होगा।

### ऑस्ट्रेलिया का दमदार आगाज

ऑस्ट्रेलिया ने अपने अभियान की शुरुआत न्यूजीलैंड को हराकर शानदार ढंग से की है। टीम के पास बेथ मूनी, फोबे लिचफील्ड और कप्तान एलिसा हीली जैसी आक्रामक बल्लेबाज मौजूद हैं, जो विपक्षी टीम पर लगातार दबाव बना सकती हैं। यही वजह है कि ऑस्ट्रेलियाई टीम बेखौफ होकर आक्रामक क्रिकेट खेलती है। न्यूजीलैंड के खिलाफ तेज गेंदबाज सदरलैंड, लेग-स्पिनर अलाना किंग और बाएं हाथ की स्पिनर सोफी मोलिनक्स ने शानदार प्रदर्शन किया। यह गेंदबाज इस लय को श्रीलंका के खिलाफ भी बनाए रखना चाहेंगे। उनकी धारदार गेंदबाजी श्रीलंकाई बल्लेबाजी क्रम की बड़ी परीक्षा ले सकती है। पिछले सत्र में क्वालिफाई न कर पाने के बाद श्रीलंका इस बार घर में अच्छा प्रदर्शन करने को बेताब है। कप्तान चामरी अटापट्टू टीम की सबसे बड़ी उम्मीद हैं।

# मीराबाई ने राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ जीता रजत

**विश्व चैंपियनशिप**

**फोर्डे।** भारत की स्टार भारोत्तोलक मीराबाई चानू (48 किलो वर्ग) ने विश्व भारोत्तोलन चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ रजत पदक अपने नाम किया। 31 वर्षीय मीराबाई के



लिए यह उनके करियर का तीसरा वर्ल्ड चैंपियनशिप मेडल है। इससे पहले उन्होंने 2017 में स्वर्ण और 2022 में रजत पदक जीता था। इस बार उन्होंने कुल 199 किग्रा (स्नैच में 84 किग्रा और क्लीन एंड जर्क में 115 किग्रा) वजन उठाया। इस स्पर्धा में उत्तर कोरिया की री सोंग गम ने 213 किग्रा वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता। वहीं थाईलैंड की थान्याथॉन सुकचारोन ने 198 किग्रा वजन उठाकर कांस्य पदक हासिल किया। मीराबाई ने स्नैच में 84 किग्रा उठाकर शुरुआत की, लेकिन अगले दो प्रयासों में 87 किग्रा उठाने में असफल रहीं। हालांकि क्लीन एंड जर्क में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया।

## बॉ ली वु ड



# ट्विंकल-अक्षय ने खोला शादी से जुड़ा राज



इन दिनों काजोल और ट्विंकल खन्ना एक टॉक शो 'टू मच' होस्ट कर रही हैं। शुरुआती दो एपिसोड में आमिर खान और सलमान खान के अलावा आलिया और वरुण धवन नजर आए। अब अपकमिंग एपिसोड में अक्षय कुमार और सैफ अली खान नजर आएंगे। इस एपिसोड का एक प्रोमो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। इस वीडियो में अक्षय कुमार, ट्विंकल खन्ना, काजोल और सैफ काफी मजेदार बातें करते दिखे।

### ट्विंकल और अक्षय ने खोला शादी से जुड़ा राज

'टू मच' के वायरल प्रोमो वीडियो में सैफ अली खान और अक्षय कुमार 'मैं खिलाड़ी तू अनाड़ी' का डांस स्टेप करते दिखे। इसके बाद मस्ती भरी बातचीत काजोल और ट्विंकल खन्ना के साथ दोनों करते हैं। शो के प्रोमो में ही काजोल कहती हैं, 'अक्षय से तुम्हारी शादी होगी, यह भविष्यवाणी एक एस्ट्रोलॉजर ने की थी?' इस पर अक्षय कहते हैं, 'वो एस्ट्रोलॉजर ट्विंकल से जुड़ा था तो इस बारे में वह बताएगी?' इसी बात पर दोनों के बीच नोक-झोंक होने लगती है।

### काजोल ने सैफ को कहा असली हीरो

आगे प्रोमो में सैफ अली खान जनवरी महीने में खुद पर हुए हमले का जिक्र करते हैं। वह कहते हैं, 'हर जगह खून फैला हुआ था। मुझे याद है कि तैमूर मेरी तरफ देखकर पूछ रहा था, 'पापा आप मरने वाले हो?' मैंने कहा, नहीं, मुझे नहीं लगता।' यह सुनकर काजोल इमोशनल हो गईं। वह सैफ के गले लगकर बोलीं, 'तुम असली हीरो हो।'

# 'कांतारा-चैप्टर 1' की रिलीज के बाद तीसरे पार्ट का ऐलान

अभिनेता और निर्देशक ऋषभ शेट्टी की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'कांतारा- चैप्टर 1' इस दशहरा 2 अक्टूबर' को सिनेमाघरों में रिलीज़ हो चुकी है। फिल्म को दर्शकों से जबरदस्त सराहना मिल रही है। भरे हुए थिएटर्स और सोशल मीडिया पर मिल रही पॉज़िटिव प्रतिक्रिया यह साबित करती है कि फिल्म ने दर्शकों के दिलों में एक बार फिर गहरी छाप छोड़ी है। सबसे बड़ी बात यह है कि मेकर्स ने फिल्म के तीसरे भाग की भी आधिकारिक घोषणा कर दी है। इस खबर ने



फैंस का उत्साह दोगुना कर दिया है। हालांकि अभी तक रिलीज़ डेट शेयर नहीं की गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ऋषभ शेट्टी ने अपनी अगली फिल्म का नाम 'कांताराः ए लीजेंड -चैप्टर 2' रखा है। जैसे 'कांतारा- चैप्टर 1' साल 2022 में रिलीज़ हुई 'कांतारा' का प्रीक्वल है, उसी तरह नया चैप्टर भी प्रीक्वल होगा, लेकिन यह सीधे तौर पर 'कांतारा- चैप्टर 1' का सीक्वल माना जाएगा। फिल्म के क्लाइमैक्स में एक बच्चे का अधूरा सवाल छोड़ दिया गया था और उसी से तीसरे भाग की नींव रखी गई है।

गौरतलब है कि 2022 में रिलीज़ हुई 'कांतारा' ने न सिर्फ बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाया था, बल्कि इसे समीक्षकों की भी खूब प्रशंसा मिली थी। महज़ 16 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने दुनियाभर में 407.82 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। साथ ही, इसे 2 नेशनल अवॉर्ड्स भी मिले थे। एक सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (ऋषभ शेट्टी) और दूसरा सर्वश्रेष्ठ फिल्म के लिए। अब 'कांतारा- चैप्टर 1' की सफलता और तीसरे भाग की आधिकारिक पुष्टि ने इस फ्रेंचाइज़ी को और भी मज़बूत कर दिया है। दर्शक बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं कि ऋषभ शेट्टी अपने अगले अध्याय में किस तरह की अनकही गाथा लेकर आएंगे।

# अरशद वारसी की 'भागवत' का दमदार ट्रेलर रिलीज



कुछ दिन पहले अभिनेता जितेंद्र कुमार की आने वाली फिल्म 'भागवत' का टीज़र रिलीज़ हुआ था। इस टीज़र में जितेंद्र कुमार के अनदेखे लुक ने सबका ध्यान खींचा था। इसी तरह, अब 'भागवत' का बहुचर्चित ट्रेलर रिलीज़ हो गया है। इस ट्रेलर में 'पंचायत' के मासूम सेक्रेटरी का एक अनदेखा डरावना अवतार देखने को मिल रहा है।

'भागवत' के ट्रेलर में हम शुरुआत में देखते हैं कि अरशद वारसी इस शहर में एक आक्रामक पुलिस अधिकारी के रूप में जाने जाते हैं। जिस जेल में वह तैनात हैं, वहां वह एक कैदी को इतनी बुरी तरह पीटते हैं कि उसकी वहीं मौत हो जाती है। तभी अरशद को शिकायत मिलती है कि उसकी बेटी गायब हो गई है। अरशद लड़की के पिता से वादा करते हैं कि वह 15 दिनों के अंदर उनकी बेटी को वापस ला देंगे। ट्रेलर में आगे जीतू की एंट्री होती है। मासूम सा दिखने वाला जीतू एक लड़की से प्यार करने लगता है और दोनों के बीच रोमांटिक सीन देखने को मिलते हैं। इसके बाद अरशद वारसी जीतू को गिरफ्तार कर लेते हैं। जीतू पर कई लड़कियों को अगवा करने का आरोप लगता है और मामला कोर्ट में पहुंच जाता है। इसके बाद जीतू बिना किसी वकील की मदद लिए खुद ही केस लड़ने का फैसला करता है।

ट्रेलर में आगे कई ट्विस्ट और टर्न्स देखने को मिलते हैं। इसके अलावा, जीतू का लिपलॉक सीन भी देखने को मिलता है। जीतू के इस भयानक अवतार को देखकर हर कोई हैरान रह जाता है। साथ ही, अरशद वारसी और जीतू का एक्टिंग कॉम्बिनेशन भी देखने लायक है। यह क्राइम थ्रिलर फिल्म ओटीटी प्लेटफ़ॉर्म ज़ी5 पर रिलीज़ होने वाली है और 17 अक्टूबर से ओटीटी पर उपलब्ध होगी।

# मलाइका अरोड़ा के साथ नया शो लेकर आ रहे करण जौहर

निर्माता-निर्देशक करण जौहर अब एक नया शो लेकर आ रहे हैं। इस बार इस शो में उनके साथ अभिनेत्री व मॉडल मलाइका अरोड़ा, कॉस्ट्यूम डिजाइन मनीष मल्होत्रा भी नजर आएंगे। यह शो फैशन से संबंधित है, जहां फैशन स्टार्टअप शुरू करने वाले एंटरप्रेन्योर अपने आइडिया लेकर शो में आएंगे। जानिए कब से और कहां देख सकेंगे ये शो? करण जौहर, मलाइका अरोड़ा और मनीष मल्होत्रा फैशन से जुड़ा नया शो 'पिच टू गेट रिच' लेकर आ रहे हैं। शो का फॉर्मेट शॉर्क टैंक जैसा ही है। बस यहां सिर्फ फैशन स्टार्टअप से जुड़े लोग अपने आइडिया लेकर आ सकते हैं। वो पैनल को अपने आइडिया पिच करेंगे यानी सुनाएंगे और अपने स्टार्टअप के बारे में बताएंगे। जिसके बाद ये जज और गेस्ट उसमें पैसा लगाएंगे। शो के ट्रेलर को शेयर करते हुए करण जौहर ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'जब फैशन के संस्थापक अमीर बनने के लिए पिच करते हैं, तो कचिंग-कचिंग तो लाजमी है। हॉटस्टार स्पेशल्स, 'पिच टू गेट रिच' 20 अक्तूबर से सिर्फ जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम करेगा ' शो के ट्रेलर में करण, मलाइका और मनीष मल्होत्रा के अलावा भी कई बॉलीवुड सेलेब्स नजर आ रहे हैं। इनमें सारा अली खान, सैफ अली खान, अक्षय कुमार और अनन्या पांडे जैसे सितारे नजर आ रहे हैं। इस शो में फैशन से जुड़े कपड़ों से लेकर जूते-चप्पल, सैंडल, पर्स और हैंड बैग्स भी शामिल हैं। करण जौहर के वर्कफ्रंट की बात करें तो उनके धर्मा प्रोडक्शंस की फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' इन दिनों सिनेमाघरों में बनी हुई है। फिल्म को दर्शकों और क्रिटिक्स की मिली-जुली प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं। फिल्म ने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर 'कांतारा चैप्टर 1' के सामने भी एक सधी शुरुआत की है।

## दो राज्यों में 12 बच्चों की मौत, मौत की वजह कफ सिरप को बताया जा रहा

# कफ सिरप में कोई टॉक्सिन नहीं

### राजस्थान-एमपी में बच्चों की मौत के बाद केंद्र ने की पुष्टि

एजेंसी | नई दिल्ली

राजस्थान और मध्य प्रदेश में बच्चों की मौत से जुड़े कफ सिरप के सैंपल में किडनी को नुकसान पहुंचाने वाले कोई टॉक्सिन नहीं मिला है। यह जानकारी शुक्रवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से दी गई। मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि इन घटनाओं की गंभीरता को देखते हुए केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) के प्रतिनिधियों की एक टीम ने मौके का दौरा किया और जांच शुरू की।



#### अन्य लैबों में जारी जांच

अभी भी पानी, मच्छरों और सांस से जुड़े सैंपल की अलग-अलग प्रयोगशालाओं में जांच जारी है। राजस्थान में भी दो बच्चों की मौत को खांसी की दवा से जोड़कर देखा गया था। हालांकि, जांच में सामने आया कि दवा में प्रोपिलीन ग्लाइकोल नहीं है और यह डेक्स्ट्रोमेथॉर्फन बेस्ड है, जिसे बच्चों को देने की सलाह नहीं दी जाती।

#### स्वास्थ्य मंत्रालय की चेतावनी

इस पूरे मामले के बीच केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को बच्चों में खांसी की दवा का सीमित और समझदारी से इस्तेमाल करने की सलाह दी है। साथ ही आगे की जांच के लिए विभिन्न संस्थानों को नमूनों की टेस्टिंग की जिम्मेदारी दी गई है।

#### बच्चों के ब्लड सैंपल की जांच

मृत बच्चों के ब्लड और सीएसएफ सैंपल पुणे स्थित NIV लैब में जांचे गए। जांच में एक केस लेप्टोस्पायरोसिस बीमारी से पॉजिटिव मिला। यह संकेत देता है कि मौतों के पीछे सिर्फ दवा ही नहीं बल्कि अन्य कारण भी हो सकते हैं।

#### राजस्थान मामले पर स्पष्टीकरण

राजस्थान में जिन दो बच्चों की मौत हुई, उसमें जिस कफ सिरप का नाम आया, उसमें न तो प्रोपिलीन ग्लाइकोल पाया गया और न ही DEG/EG जैसे हानिकारक तत्व। हालांकि, यह दवा बच्चों को देने के लिए अनुशंसित ही नहीं है।

#### क्या है मामला ?

मध्य प्रदेश और राजस्थान में किडनी फेल होने से अब तक 12 बच्चों की मौत हो चुकी है। शुरुआती रिपोर्ट्स में इसकी वजह खांसी की दवा को बताया गया था, जिसके बाद दोनों राज्यों में दवा से जुड़े सैंपल की जांच शुरू की गई। मौतों ने लोगों में गहरी चिंता और दहशत फैला दी है। बच्चों की मौत की खबर सामने आने के बाद केंद्र सरकार ने NCDC, NIV, CDSCO समेत कई संस्थानों की टीमों को जांच के लिए भेजा। इन टीमों ने राज्य अधिकारियों के साथ मिलकर खांसी की दवाओं के सैंपल लिए और विस्तृत जांच की। जांच रिपोर्ट में यह सामने आया कि किसी भी सैंपल में डायइथिलीन ग्लाइकोल (DEG) या एथिलीन ग्लाइकोल (EG) मौजूद नहीं है। ये दोनों तत्व किडनी को गंभीर नुकसान पहुंचाने वाले माने जाते हैं। एमपी की दवा प्रशासन विभाग की जांच ने भी इसकी पुष्टि की।

#### डीजीएचएस की सलाह: छोटे बच्चों को न दें सिरप

स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) ने कफ सिरप के उपयोग पर नई सलाह जारी की है। विशेषज्ञों ने कहा है कि दो साल से कम उम्र के बच्चों को खांसी और जुकाम की दवाइयां बिल्कुल भी नहीं दी जानी चाहिए।

# मुठभेड़ के बाद रोहित गोदारा गैंग के दो शूटर गिरफ्तार

### गुजरात, राजस्थान और हरियाणा में फिरौती के लिए फायरिंग करने में शामिल हैं दोनों आरोपी

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने शुक्रवार तड़के कापसहेड़ा इलाके में रोहित गोदारा गैंग से जुड़े दो बदमाशों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया। पकड़े गए शूटरों की पहचान आकाश राजपूत और महिपाल मीना के रूप में हुई है। दोनों विदेश में छिपे गैंगस्टरों के इशारे पर रंगदारी, अपहरण और फायरिंग जैसी वारदातों को अंजाम देते थे।

#### मुठभेड़ में गोली लगने से घायल हुआ आकाश




एडिशनल सीपी प्रमोद सिंह कुशवाहा ने बताया कि दिल्ली-एनसीआर में जगदीश-अभिषेक गिरोह की बढ़ती सक्रियता को देखते हुए पुलिस ने जाल बिछाया था। शुक्रवार सुबह बाइक सवार दोनों संदिग्धों को रोकने पर उन्होंने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में आकाश के पैर में गोली लगी और दोनों को दबोच लिया गया।

#### गुजरात में कारोबारी से 100 करोड़ की रंगदारी मांगी थी

पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि आकाश ने जुलाई में गुजरात के पूर्वी कच्छ जिले से एक कारोबारी का अपहरण कर 100 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी थी। यह वारदात विदेश में छिपे गैंगस्टर कीर्ति सिंह झाला के इशारे पर हुई थी। इस मामले में फरार आकाश पर श्रीगंगानगर पुलिस ने 20 हजार रुपये का इनाम घोषित कर रखा था।

#### अस्पताल मालिक को धमकाने के लिए की थी फायरिंग

पुलिस ने बताया कि आकाश और महिपाल ने हरियाणा के करनाल स्थित मीनाक्षी अस्पताल के बाहर भी अंधाधुंध फायरिंग की थी क्योंकि अस्पताल मालिक ने रंगदारी देने से इनकार कर दिया था। इस मामले में महिपाल जेल गया था और बाद में जमानत पर रिहा हुआ।

#### मजबूत किया जा रहा नेटवर्क

पुलिस का कहना है कि गैंगस्टर रोहित गोदारा अपने नेटवर्क को मजबूत करने के लिए छोटे गिरोहों के शूटरों को जोड़ रहा है। आकाश और महिपाल को भी इसी रणनीति के तहत उसके गिरोह में शामिल किया गया था। फिलहाल दोनों आरोपियों से गहन पूछताछ की जा रही है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### जगदीश विश्वकर्मा बनेंगे गुजरात भाजपा अध्यक्ष!

**अहमदाबाद।** गुजरात भाजपा अध्यक्ष के पद पर जगदीश विश्वकर्मा (पांचाल) का चुना जाना लगभग तय हो गया है। अध्यक्ष पद के लिए शुक्रवार को नामांकन के अंतिम दिन केवल पांचाल के नाम का पर्चा दाखिल किया गया। किसी अन्य प्रतिद्वंदी के न होने के कारण मतदान की स्थिति नहीं आई और शनिवार को उनकी जीत का औपचारिक ऐलान किया जा सकता है। लेकिन भूपेंद्र पटेल सरकार में मंत्री पांचाल के अध्यक्ष बनने की स्थिति में गुजरात में बड़े बदलाव की सुगबुगाहट शुरू हो गई है। इसके बाद गुजरात मंत्रिमंडल में भी बड़ा बदलाव हो सकता है। पांचाल के गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र भाई पटेल के क्षेत्र से ही आते हैं। ऐसे में इस बात की अटकलें तेज हो गई हैं कि क्षेत्रीय संतुलन साधने के लिए पार्टी अब मुख्यमंत्री पद पर भी बदलाव कर सकती है।

### वांगचुक की पत्नी की सुप्रीम कोर्ट में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका

**नई दिल्ली।** सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि जे अंगमो ने अपने पति की रिहाई की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। गीतांजलि जे अंगमो ने वांगचुक को तुरंत रिहा करने की मांग करते हुए हेबियस कार्पस (बंदी प्रत्यक्षीकरण) याचिका लगाई है। डॉ. अंगमो ने 2 अक्टूबर को भारतीय संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत सुप्रीम कोर्ट में रिट याचिका दायर की। उन्होंने दावा किया कि उनके पति की गिरफ्तारी अवैध है। अंगमो ने यह आरोप भी लगाया कि दिल्ली में हर जगह उनका पीछा किया जा रहा है। उनके एक कर्मचारी को भी हिरासत में रखा गया है। वांगचुक फिलहाल जोधपुर की जेल में हैं, उन्हें 24 सितंबर को लेह हिंसा भड़काने के आरोप में राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (NSA) के तहत 26 सितंबर को गिरफ्तार किया गया था। हिंसा में 4 लोग मारे गए थे। सोनम के अलावा लेह की स्थानीय जेल में बंद 56 आंदोलनकारियों में से 26 को 2 अक्टूबर को छोड़ दिया गया। इन पर गंभीर धाराएं नहीं थीं। 30 लोग अभी जेल में हैं।

### भारत का एकमात्र मड ज्वालामुखी 20 साल बाद फटा

**बरातांग।** अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के बरातांग में भारत का एकमात्र मड वोल्केनो (मिट्टी का ज्वालामुखी) 20 साल से ज्यादा समय बाद फिर फट गया। बरातांग पोर्ट ब्लेयर से 150 किमी दूर है और पर्यटकों के लिए मशहूर है। यह ज्वालामुखी जमीन के अंदर सड़ते कार्बनिक पदार्थों से निकलने वाले गैसों के दबाव से बनता है, जो मिट्टी और गैस को ऊपर धकेलता है और बुलबुले व गड्ढे बनाता है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा- हमें गुरुवार दोपहर 1:30 बजे जारवा क्रीक, बरातांग में बड़े विस्फोट की सूचना मिली थी। इससे पहले इसमें 2005 में विस्फोट हुआ था। विस्फोट से 3-4 मीटर ऊंचा मिट्टी का टीला बन गया और 1000 वर्ग मीटर से ज्यादा इलाके में मिट्टी फैल गई। इससे अभी भी मिट्टी और धुआं निकल रहा है। सुरक्षा के लिए पर्यटकों को जाने से रोका गया है और वन विभाग ने रास्ते बंद कर दिए हैं।

## युवाओं को तोहफा देंगे प्रधानमंत्री मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को युवाओं और शिक्षा से जुड़ी कई बड़ी योजनाएं शुरू करने वाले हैं। इन योजनाओं की कुल लागत 62,000 करोड़ रुपये से ज्यादा है। सरकार का कहना है कि इससे युवाओं की पढ़ाई, स्किल ट्रेनिंग (कौशल विकास) और रोजगार के मौके बढ़ेंगे। पीएम मोदी 'प्रधानमंत्री स्किलिंग एंड एम्प्लॉयबिलिटी ट्रांसफॉर्मेशन थ्रू अपग्रेडेड आईटीआई (पीएम-सेतु)' नाम की नई योजना लॉन्च करेंगे। इसके तहत देशभर के 1,000 सरकारी आईटीआई कॉलेज आधुनिक बनाए जाएंगे। इसमें 200 आईटीआई 'हब' होंगे और 800 आईटीआई उनसे जुड़े रहेंगे। हर हब में नई तकनीक, डिजिटल लर्निंग, इनोवेशन सेंटर, ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स और प्लेसमेंट सर्विस होगी। इसे वर्ल्ड बैंक और एशियन डेवलपमेंट बैंक भी सहयोग देंगे।

# ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान के 12 एयरक्रॉफ्ट तबाह

## F16 समेत 6 विमान हवा में गिराए, 6 विमानों को एयरबेस पर नष्ट किया

एजेंसी | नई दिल्ली

वायुसेना प्रमुख एयरचीफ मार्शल एपी सिंह ने शुक्रवार को बताया कि ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के करीब 12 विमान तबाह किए थे। इनमें पांच फाइटर जेट और एक C-130 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट पाकिस्तान के एयरबेस और हैंगर में खड़े हुए ही नष्ट किए गए, जबकि सतह से हवा में मार करने वाली 300 किलोमीटर से ज्यादा रेंज की मिसाइल से हवा में उड़ रहे छह विमान मार गिराए गए। इनमें पांच लड़ाकू विमान (F-16 या JF-17) और एक AEW&C (सिग्नल इंटेलिजेंस) एयरक्राफ्ट शामिल था। एयरचीफ ने पाकिस्तान द्वारा भारतीय जेट गिराने के दावों को मनगढ़ंत बताते हुए चुनौती दी कि अगर उनके पास सबूत हैं तो पेश करें। यह दूसरी बार है जब उन्होंने पाकिस्तान के नुकसान की जानकारी सार्वजनिक की है, इससे पहले 9 अगस्त को उन्होंने कहा था कि ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान के पांच फाइटर जेट गिराए गए थे।

### एयरफोर्स चीफ की स्पीच

**1 : पाक के दावों पर मैं बात क्यों करूं**

अगर उन्हें लगता है कि उन्होंने हमारे (भारत) 15 जेट मार गिराए हैं, तो उन्हें सोचने दीजिए। मैं इसके बारे में बात क्यों करूं? आज भी, मैं इस बारे में कुछ नहीं कहूंगा कि क्या हुआ, कितना नुकसान हुआ, कैसे हुआ, क्योंकि उन्हें पता करने दीजिए। क्या आपने एक भी तस्वीर देखी है जहां हमारे किसी एयरबेस पर कुछ गिरा हो, हमें कोई टक्कर लगी हो, कोई हैंगर तबाह हुआ हो, या ऐसा कुछ?

**2 : ये उनकी मनोहर कहानियां हैं**

हमने उन्हें उनकी जगहों की इतनी सारी तस्वीरें दिखाईं। लेकिन, वे हमें एक भी तस्वीर नहीं दिखा पाए। ये उनकी 'मनोहर कहानियां' है। उन्हें खुश रहने दीजिए, आखिरकार, उन्हें भी अपनी इज्जत बचाने के लिए अपने लोगों को कुछ तो दिखाना ही है। मुझे इससे कोई फर्क नहीं पड़ता।



**3 : पाकिस्तान को काफी नुकसान पहुंचाया**

जहां तक पाकिस्तान के नुकसान का सवाल है। हमने बड़ी संख्या में उनके हवाई अड्डों और प्रतिष्ठानों पर हमला किया। इन हमलों के कारण, कम से कम चार स्थानों पर रडार, दो स्थानों पर कमांड और कंट्रोल सेंटर, दो जगह पर रनवे क्षतिग्रस्त हो गए। इसके अलावा तीन हैंगर भी नष्ट किए और कम से कम 4 से 5 लड़ाकू विमान भी तबाह किए गए।

**4 : पाकिस्तान में नए आतंकी अड्डे बन रहे**

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में आतंकियों के नए अड्डे बनाने की खबरों पर एपी सिंह ने कहा, जाहिर है, यह होना ही था। हमें भी खबर मिल रही है वे शायद बड़े ढांचे बनाने की बजाय छोटे-छोटे ढांचे बना रहे हैं। लेकिन फिर भी हम उन्हें और उनके ठिकानों को नष्ट कर सकते हैं। इसलिए, हमारे विकल्प नहीं बदले हैं।

**5 : हमने लक्ष्य के साथ युद्ध खत्म किया**

भारतीय सेना को स्पष्ट संदेश दिया गया था। यह एक सबक है जो इतिहास में दर्ज होगा कि यह एक ऐसा युद्ध था जो एक लक्ष्य के साथ शुरू किया गया था और इसे बिना बढ़ाए तुरंत खत्म कर दिया गया हम देख रहे हैं कि दुनिया में क्या हो रहा है, जो दो युद्ध (रूस-यूक्रेन और इजराइल-हमास) चल रहे हैं, उन्हें खत्म करने की कोई बात नहीं हो रही है, लेकिन हमने अपनी लड़ाई को उस स्थिति तक पहुंचाया, जहां दुश्मन युद्धविराम की मांग करने लगा। मुझे लगता है कि यह कुछ ऐसा है जो दुनिया को हमसे सीखने की जरूरत है।

# जुबीन गर्ग के इवेंट मैनेजर की बढ़ेगी मुश्किल

### वित्तीय घोटालों की जांच में ईडी-आईटी हो सकती है शामिल

**गुवाहाटी।** असम पुलिस की क्राइम ब्रांच (सीआईडी) श्यामकानु महंता के खिलाफ चल रही जांच में अब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और आयकर विभाग (आईटी) भी शामिल हो सकते हैं। श्यामकानु महंता वही इवेंट मैनेजर हैं जिन पर असम के सांस्कृतिक आइकन जुबीन गर्ग की मौत से जुड़े आरोप हैं। सीआईडी ने जांच में पाया है कि महंता ने पिछले 20 वर्षों में वित्तीय अनियमितताएं की हैं। इनमें उनका नॉन-बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनी (एनबीएफसी) में काम करते समय किए गए घोटाले भी शामिल हैं। सूत्रों के अनुसार, ईडी और आईटी विभाग के अधिकारी पहले ही सीआईडी मुख्यालय का दौरा कर चुके हैं और मामले की जानकारी ली है। अब वे सीआईडी के साथ इस जांच में शामिल हो सकते हैं और जल्द ही इस पर औपचारिक निर्णय लिया जा सकता है।

#### तलाशी में मिले दस्तावेज और सामान



बता दें कि श्यामकानु महंता के घर से कई पैनकार्ड जब्त किए गए, जो एक ही कंपनी के नाम पर थे। लगभग 30 स्टैम्प सील जब्त किए गए, जिनमें कई कंपनियों और सरकारी अधिकारियों के नाम के सील शामिल थे। इसके साथ ही कई बेनामी संपत्तियों और अन्य वित्तीय दस्तावेज भी मिले। हालांकि सीआईडी ने आगे की जानकारी नहीं दी, ताकि जांच प्रभावित न हो।

## ऑनलाइन गेम्स पर बैन लगाने की तैयारी तेज, सरकार बनाने जा रही प्राधिकरण



**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने ऑनलाइन गेमिंग को सुरक्षित बनाने के लिए ऑनलाइन गेमिंग अथॉरिटी ऑफ इंडिया" बनाने का प्रस्ताव रखा है। यह नई संस्था ई-स्पोर्ट्स को बढ़ावा देगी और रियल मनी गेम पर पूरी तरह रोक लगाएगी। अगर कोई गेम रियल मनी गेम पाया गया, तो तुरंत बंद करने का आदेश दिया जाएगा। नियम तोड़ने पर तीन साल तक जेल या एक करोड़ रुपये तक जुर्माना या दोनों लग सकते हैं। अधिकारी डिजिटल और भौतिक जगह पर जांच और गिरफ्तारी कर सकेंगे।

## अपने सुरक्षा कवच को और मजबूत करेगी भारतीय सेना

**नई दिल्ली।** भारत ने अपनी वायु सुरक्षा को और मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाने की तैयारी की है। दुश्मन पाकिस्तान और चीन की चुनौतियों के बीच भारत रूस से अतिरिक्त S-400 मिसाइल सिस्टम खरीदने पर विचार कर रहा है। ये सिस्टम हाल ही में हुए ऑपरेशन सिंदूर में बेहद प्रभावी साबित हुए।

## करूर भगदड़ मामले में नहीं होगी सीबीआई जांच




### मद्रास हाईकोर्ट ने एसआईटी बनाई

**करूर।** मद्रास हाईकोर्ट ने करूर भगदड़ की जांच के लिए विशेष जांच दल (SIT) गठित किया है। इसकी अगुआई तमिलनाडु पुलिस के इंस्पेक्टर जनरल (IG) असरा गर्ग करेंगे। जस्टिस एन सेंथिलकुमार ने शुक्रवार को मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि घटना के बाद विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कजगम (TVK) ने घटनास्थल छोड़ दिया और कोई माफी या पछतावा तक नहीं दिखाया। इस घटना को पूरी दुनिया ने देखा है, पार्टी अपनी आंखें बंद करके जिम्मेदारियों से बच नहीं सकती है। इसके साथ हाईकोर्ट की मदुरै बेंच ने CBI जांच की मांग वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया। वहीं, अतिरिक्त मुआवजा राशि की मांग वाली याचिका पर स्टालिन सरकार को नोटिस जारी किया है। मामले की अगली सुनवाई 16 अक्टूबर को होगी।

#### मामले से जुड़ी 7 जनहित याचिकाएं

दरअसल, तमिलनाडु के करूर में 27 सितंबर को एक्टर विजय की रैली में भगदड़ मची थी। जिसमें 41 लोग मारे गए थे और 100 से ज्यादा घायल हुए थे। इस मामले से जुड़ी 7 जनहित याचिकाएं जस्टिस एम धंदपानी और जस्टिस एम जोतिरमन की दशहरा वेकेशन बेंच में लिस्ट की गईं थीं।

#### पीड़ित आएगा तो जरूर मदद करेंगे: कोर्ट

TVK नमक्कल जिला सचिव की अग्रिम जमानत की मांग वाली याचिका पर कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता कोई पीड़ित नहीं, बल्कि एक पार्टी का नेता है। किसी एक व्यक्ति ने गलती की है, इसका मतलब यह नहीं कि पूरी जांच ही खत्म हो जाएगी। कोर्ट ने कहा- उन लोगों के बारे में सोचें जिन्होंने अपनी जान गंवाई। अगर कोई पीड़ित हमारे पास आता है तो हम उसकी मदद के लिए आएंगे। मद्रास हाईकोर्ट के जस्टिस एन सेंथिल वी कुमार ने एन सतीश कुमार की अग्रिम जमानत की मांग वाली याचिका भी खारिज कर दी।

## भारत को मिला आईएसएसए अवार्ड, सामाजिक सुरक्षा कवरेज में ऐतिहासिक उपलब्धि

नई दिल्ली। भारत को सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में इंटरनेशनल सोशल सिक्योरिटी एसोसिएशन (ISSA) का प्रतिष्ठित "आउटस्टैंडिंग अचीवमेंट इन सोशल सिक्योरिटी" अवार्ड 2025 मिला है। यह सम्मान मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर में आयोजित वर्ल्ड सोशल सिक्योरिटी फोरम (WSSF) 2025 में दिया गया। भारत की ओर से यह अवार्ड केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने ग्रहण किया। इस अवसर पर मांडविया ने बताया कि वर्ष 2015 में भारत की सामाजिक सुरक्षा कवरेज जहां केवल 19 प्रतिशत थी, वहीं 2025 में यह बढ़कर 64.3 प्रतिशत हो गई है, जिससे अब 94 करोड़ से अधिक नागरिक शामिल हो चुके हैं। इस उपलब्धि को अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO) ने भी मान्यता दी है। उन्होंने कहा कि यह अवार्ड प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदृष्टि और "अंत्योदय" के सिद्धांत को समर्पित है, जिसका उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक सुरक्षा पहुंचाना है।

# छह गुना बढ़े बाल-विवाह के मामले

## शादी के लिए 16,737 लड़कियों का अपहरण

#### एनसीआरबी रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** देश में बाल विवाह रोकने के लिए सख्त कानून होने के बावजूद हालात चिंताजनक होते जा रहे हैं। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB) की रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2023 में बाल विवाह के लिए 16,737 लड़कियों और 129 लड़कों का अपहरण किया गया। रिपोर्ट के मुताबिक, 2023 में बाल विवाह के मामले 2022 की तुलना में छह गुना बढ़ गए। साल 2023 में 6,038 मामले दर्ज किए गए, जबकि 2022 में केवल 1,002 और 2021 में 1,050 मामले दर्ज हुए थे। इस तरह तीन सालों में बाल विवाह से जुड़े मामलों में अचानक बड़ी बढ़ोतरी देखी गई है।



#### असम में सबसे ज्यादा केस

सबसे ज्यादा मामले असम में दर्ज हुए, जहां अकेले 5,267 केस सामने आए। यह पूरे देश में दर्ज कुल मामलों का करीब 90% है। इसके अलावा, तमिलनाडु में 174, कर्नाटक में 145 और पश्चिम बंगाल में 118 मामले दर्ज हुए। वहीं, छत्तीसगढ़, नगालैंड, लद्दाख और लक्षद्वीप में साल 2023 में एक भी केस दर्ज नहीं हुआ।

#### कानून में शादी करवाने वालों पर भी सजा का प्रावधान

इस रिपोर्ट के आने के बाद विशेषज्ञों का कहना है कि ये डेटा बताता है कि बाल विवाह के खिलाफ कानून होने के बावजूद जमीनी स्तर पर अभी भी जागरूकता और सख्त कार्रवाई की जरूरत है। दुनिया के एक तिहाई बाल विवाह भारत में होते हैं। बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के तहत 18 साल से कम उम्र की लड़की और 21 साल से कम उम्र के लड़के का विवाह करना प्रतिबंधित है। इतना ही नहीं, जो लोग शादी करवाते हैं या उसमें मदद करते हैं, उनके खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जाती है।